


बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 05 जुलाई 2026 | दिन - रविवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 158 | मूल्य - 5 रुपये








कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..
मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स, ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.
ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800

2 रविवार 05 जुलाई 2026
जग प्रेरणा
live शहर बालाघाट
● गर्रा ● भटेरा ● देवटोला ● आंवलाझरी ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते हैं एवं गाड़ियां सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
मनीष वर्मा
मो. 9425448126
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

# बालाघाट के गुजरी बाजार में बारिश से पहले ठेकेदार ने छोड़ दिया नाला निर्माण अधूरा..

## व्यापारियों ने समस्या का त्वरित समाधान करने और ठेकेदार पर कार्यवाही की कि मांग..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर में बारिश शुरू होने के साथ ही अधूरा नाला निर्माण अब स्थानीय व्यापारियों और उनके ग्राहकों के लिये विशेष रुप से बड़ी परेशानी का कारण बन रहा है, तथा इस अधूरे नाले निर्माण के कारण व्यापारियों***

को बारिश के दिनों में अब उनका व्यापार और ग्राहकी खतरे में नजर आ रही है। बालाघाट के गुजरी बाजार में वार्ड नंबर 16 स्थित करीब 100 से 150 मीटर लंबे नाले का निर्माण कार्य पिछले एक माह से अधूरा पड़ा है। बारिश के कारण खुदाई वाली जगह कीचड़ और फिसलन में बदल गई है, जिससे राहगीरों के साथ-साथ व्यापारियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नाराज व्यापारियों ने शनिवार को सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराते हुए जल्द निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की। व्यापारियों ने अपनी शिकायत में बताया कि नाला निर्माण के लिए दुकानों के सामने गहरी खुदाई की गई है। निर्माण कार्य में बाधा न आए, इसके लिए कई दुकानों के टीन शेड भी हटा दिए गए। लेकिन बारिश शुरू होने के बाद निर्माण कार्य रोक दिया गया, जिससे बारिश का पानी सीधे दुकानों में प्रवेश कर रहा है। खुदाई से निकली मिट्टी कीचड़ में बदल जाने से पूरे क्षेत्र में गंदगी और फिसलन की स्थिति बन गई है। गुजरी बाजार में बड़ी संख्या में कपड़ा और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान संचालित हैं। व्यापारियों का कहना है कि करीब एक माह से चल रहे अधूरे निर्माण कार्य के कारण ग्राहकों की आवाजाही प्रभावित हुई है और कारोबार लगभग ठप हो गया है। अब लगातार हो रही बारिश ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

### ठेकेदार बोला 'जहां शिकायत करना है कर दो..

अपनी शिकायत बताते हुए व्यापारी ओरिष स्वामी, राजेंद्र वाधवानी, अजीत चावला सहित अन्य ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने ठेकेदार से निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की मांग की तो ठेकेदार ने बारिश का हवाला देते हुए काम करने से इनकार कर दिया। व्यापारियों के अनुसार ठेकेदार ने यहां तक कह दिया कि ÷जहां शिकायत करना है कर दो, मेरा कुछ नहीं होने वाला।÷ इस कथित रवैये से नाराज व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि बारिश के बीच वैकल्पिक व्यवस्था कर जल्द से जल्द नाला निर्माण कार्य पूरा कराया जाए, ताकि दुकानों में पानी भरने, कीचड़ और फिसलन की समस्या से राहत मिल सके तथा बाजार की व्यापारिक गतिविधियां सामान्य हो सकें। गौरतलब है कि सीएमओ सूर्यप्रकाश उके से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि ठेकेदार को जल्द काम करने के निर्देश दिए हैं यदि वह जल्द काम नहीं करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई कर उसे ब्लैक लिस्टेड भी किया जा सकता है।

# बालाघाट स्टेशन में DRM दीपक गुप्ता ने अमृत भारत स्टेशन योजना सहित विभिन्न कार्यों की कि समीक्षा..

जगप्रेरणा बालाघाट।

***दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार गुप्ता ने आज 04 जुलाई 2026 को विशेष निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत छिंदवाड़ा, नैनपुर एवं बालाघाट स्टेशनों तथा इनके मध्य रेलखंड का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत प्रगति पर चल रहे विकास कार्यों, रेल संरक्षा, यात्री सुविधाओं एवं विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करना था।***




मंडल रेल प्रबंधक प्रातः 08:00 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी स्टेशन से स्पेशल निरीक्षण यान द्वारा रवाना हुए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छिंदवाड़ा, नैनपुर एवं बालाघाट स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत संचालित कार्यों का विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने स्टेशन भवन, प्लेटफॉर्म, यात्री प्रतीक्षालय, पेयजल व्यवस्था, शौचालय, दिव्यांगजन सुविधाएँ, प्रकाश व्यवस्था, साइनेज, पार्किंग, स्वच्छता एवं स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण संबंधी कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य उच्च गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्टेशन परिसरों के अतिरिक्त अधिकारी विश्राम गृह, रनिंग रूम, लोको लॉबी तथा रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट का भी निरीक्षण किया।

उन्होंने अधिकारी विश्राम गृह एवं रनिंग रूम में उपलब्ध आवास, स्वच्छता, भोजन, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया तथा रनिंग स्टाफके लिए बेहतर एवं आरामदायक सुविधाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोको लॉबी में उन्होंने क्रू बुकिंग प्रणाली, काउंसलिंग, ब्रीथ एनालाइज़र, सुरक्षा उपकरणों एवं डिजिटल लॉबी व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए सुरक्षित एवं समयबद्ध रेल परिचालन सुनिश्चित करने पर बल दिया। रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने यात्रियों एवं रेलवे संपत्ति की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा एवं सुरक्षा संबंधी अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं जवानों को यात्रियों की सुरक्षा तथा रेलवे परिसंपत्तियों की रक्षा के लिए सदैव सतर्क एवं संवेदनशील रहकर कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने रेल पथ, पॉइंट एवं क्रॉसिंग, सिग्नल एवं दूरसंचार प्रणाली, विद्युत परिसंपत्तियों, यार्ड व्यवस्था, संरक्षा उपकरणों एवं परिचालन संबंधी व्यवस्थाओं का भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण, समयबद्ध अनुरक्षण तथा संरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी सौजन्य भेंट की।

इस दौरान क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विस्तार, यात्री सुविधाओं में सुधार, स्टेशन विकास एवं अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने जनप्रतिनिधियों द्वारा प्राप्त सुझावों को गंभीरता से लेते हुए यात्रियों के हित में उनका परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इस निरीक्षण में चीफप्रोजेक्ट मैनेजर/गति शक्ति यूनिट, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय), वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं जन संपर्क अधिकारी श्री दिलीप सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता (उत्तर), वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (परिचालन), वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी), वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (आरएस एंड जी), वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी तथा मंडल सुरक्षा आयुक्त (रेलवे सुरक्षा बल) सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल यात्रियों को सुरक्षित, आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण रेल सेवाएँ उपलब्ध कराने, आधारभूत संरचना को सुदृढ़ बनाने तथा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकास कार्यों को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

# बारिश के साथ साथ जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से बालाघाट नगर हो गया शर्म से भी पानी पानी..

## हनुमान चौक संहित अनेक चौक चौराहे हुए जलमग्न..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट नगर की जनता हर चुनाव के पहले सभी उम्मीदवारों से यह वादा सुनती है कि जैसे ही वो चुनाव जीतकर आएंगे, बालाघाट शहर में हनुमान चौक संहित विभिन्न चौक और चौराहों की जलभराव की समस्या का समाधान कर देंगे, लेकिन जब जब बारिश आती है, उन वादों को याद कर शहर की जनता भी बारिश के साथ साथ जनप्रतिनिधियों के झूठे वादों में खुद को ठगा सा महसुस करते हुए शर्म से पानी पानी हो जाती है।***

जी हां, शुक्रवार और शनिवार को बालाघाट जिले में जमकर बारिश हुई, जिसके कारण जहां वैनगंगा नदी, बाघ नदी, घिसर्री नदी, चंदन नदी संहित सभी नदीयों का जलस्तर अचानक बढ़ गय, तथा नदी का पानी किनारों तक पहुंच गया, वहीं बालाघाट शहर में सड़कें एक बार फिर जरा सी बारिश में जलमग्न नजर आने लगी। बालाघाट का हनुमान चौक ही नहीं बल्कि सर्किट हाऊस रोड पर कृष्णा डेयरी रोड, मोती नगर, प्रेम नगर, बूढ़ी, भटेरा, जयहिन्द टॉकीज संहित अनेक क्षेत्रों में जलभराव के कारण जगह जगह तालाब नजर आने लगे हैं। शनिवार को दोपहर बाद एक बार फिर झमाझम बारिश हो गई, जिसमें पूरा शहर एक बार फिर जलमग्न होता दिखाई दिया। सड़कों और चौक चौराहों पर पानी भर गया। गौरतलब है कि मौसम विभाग ने आगामी 7 जुलाई तक बालाघाट जिले में भारी बारिश, बिजली गिरने, तेज हवाओं के साथ आंधी-तूफान की आशंका जताई है।

### मौसम विभाग ने दी यह जानकारी..

जिला कृषि मौसम इकाई, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. धर्मेंद्र अगासे ने किसानों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। डॉ. अगासे ने किसानों से कहा है कि वे खेतों में कृषि कार्य सावधानीपूर्वक करें। तेज बारिश और बिजली गिरने की संभावना के दौरान खुले खेतों में काम करने से बचें। साथ ही, कृषि यंत्रों और बीज-उर्वरकों को सुरक्षित स्थान पर रखने की अपील की गई है।

# जिला क्षत्रिय सर्ववर्गीय कलचुरी कलार समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**जगप्रेरणा बालाघाट।** जिला क्षत्रिय सर्ववर्गीय कलचुरी कलार समाज बालाघाट द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज के गौरवशाली दिवंगत समाजसेवियों की पावन स्मृति में 5 जुलाई रविवार को स्थानीय तुरकर भवन में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 11 बजे से किया गया है। इसमें समाज के कक्षा 10 वीं व 12 वीं बोर्ड परीक्षा वर्ष 2025-26 में 75 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले जिले के बच्चों का सम्मान किया जाएगा।

इस संबंध में संगठन के जिलाध्यक्ष राधेलाल दवने ने बताया कि इस वर्ष स्व. कमलनारायण जायसवाल, स्व. शीतलप्रसाद जायसवाल, वैद्यराज स्व. यादोराव रामटेककर, स्व. प्रमिला बुधराम पिपलेवार, स्व. राधिका बाई सोनेकर, स्व. अशोक डहरवाल, स्व. गणपति जी कावड़े, स्व. प्यारेलाल दवने, स्व. जानकीबाई भोपत साव धुवारे, स्व. शंकरसाव धुवारे, स्व. छन्नुलाल राय की स्मृति में प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। इसके अलावा कार्यक्रम के दौरान सफल विद्यार्थियों द्वारा अपनी सफलता के अनुभव भी साझा किए जाएंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, प्रमुख अतिथि डॉ. अविनाश सहारे, अनुराग जायसवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष फेकनलाल डोहरे, प्रोफेसर डॉ. दीपक साहू पालेवार बैतूल, असि. प्रोफे. रितेश सोनवाने, असि. प्रोफे. वरेण्य सिरसाटे, शिक्षक सागर आसटकर, किशोर सोनवाने, कलार समाज के पूर्व अध्यक्ष शिव जायसवाल, पूर्व कोषाध्यक्ष यशवंत पिपलेवार, सिविल जज छ.ग. अगन डहाके व विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला मराठा कलार समाज अध्यक्ष संजीव बाबा धुवारे, जिला डहरवाल कलार समाज अध्यक्ष राजेन्द्र साकरे, झरिया कलार समाज अध्यक्ष केवल सोनेकर, जायसवाल कलार समाज अध्यक्ष अरूण जायसवाल, जैन कलार समाज अध्यक्ष झनकराम मानापुरे, अर्जुन जायसवाल, सुनील जायसवाल, सुनील पिपलेवार, धमेन्द्र चौकसे, शैलेष चोरठे, नीलमचंद चैतगुरू, नपा सभापति समीर जायसवाल, पार्षद सरिता सोनेकर, पार्षद गिरीश कावड़े, पार्षद आशुतोष डहरवाल, पूर्व पार्षद संतोष जायसवाल, सदनसाव सेवईवार, महेश केकती, चन्द्रकांत पिपलेवार, हिरदेशाय हिरवाने, मुकेश चौकसे, अंशुल जायसवाल, अभिषेक पिपलेवार, धनंजय देशमुख सहित अन्य उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम में सर्ववर्गीय कलार समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों ने सभी वरिष्ठजनों, मातृशक्ति, युवा साथियों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करने की अपील की गई है।

SARDAR PATEL UNIVERSITY
BALAGHAT (M.P.)
ADMISSION OPEN 2026-27
ENGINEERING
POLYTECHNIC
B.TECH | M.TECH
Part Time / Full Time
AICTE Approved
• Civil Engg.
• Mechanical Engg.
• Electrical Engg.
• Mining Engg.
• Computer Sc. & Engg.
• Mining & Mine Surveying
B.Tech. (AI & ML)
100% Job Oriented Program
छात्रवृत्ति SC/ST/OBC
PHARMACY
PCI Approved
• D. PHARMACY
• B. PHARMACY
• M. PHARMACY
Pharmacology / Pharmaceutics
MBA PHARMACEUTICAL MANAGEMENT
AGRICULTURE
• B.Sc. (Hons.) • M.Sc.(Ag.)
• B.Tech (Agril) • Diploma
ABM AGRI BUSINESS MANAGEMENT
LAW
• B.A. LL.B.
• LL.B. • LL.M.
BCI Approved
MANAGEMENT
• BBA (Hons.) • MBA • BHM
BAMS SARDAR PATEL AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
BHMS S.M. DEO HOMOEOPATHIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
कैम्पस: वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.)
9174192111, 9174202111, 9174212111

## व्हाटसअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।

स्वामी विवेकानन्द प्रा. आई.टी.आई.
इलेक्ट्रिशियन फिटर
न्यूनतम शुल्क सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण
सर्वाधिक रोजगार रोजगार हेतु नियमित कैम्पस
मोती तालाब के पास, सुरभी नगर, बालाघाट
मो. 7000627847, 7000482405, 9826324832
ADMISSION OPEN 2026-27
NCVT एवं DGE&T से मान्यता प्राप्त

ग्रेसियस कॉलेज
2026-27 ADMISSION OPEN
SC, ST, OBC वर्ग के विद्यार्थियों को म. प्र. शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति
नर्सिंग
बी.एस.सी. नर्सिंग
4 वर्षीय डिग्री
मान्यता : आई.एन.सी. नई दिल्ली, म.प्र. नर्सिंग रजि. काउंसिल भोपाल, राजा शंकरशाह वि. वि. छिंदवाड़ा
फार्मेसी
बी.फार्मा. 4 वर्षीय डिग्री
2 वर्षीय डिप्लोमा डी.फार्मा.
मान्यता : पी.सी.आई. नई दिल्ली, आर.जी.पी.वी. भोपाल, डी.टी.ई. भोपाल
योग्यता : 12 वी उत्तीर्ण (जीव विज्ञान / गणित संकाय)
73820 53000 / 73820 54000
आर.टी.ओ.ऑफिस के पास, वारासिवनी रोड, बरबसपुर - कायदी,बालाघाट म.प्र.

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



3 रविवार 05 जुलाई 2026

जग प्रेरणा live जिला सिवनी

बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


# कान्हीवाड़ा स्कूल में प्रभारी प्राचार्य और चपरासी की मनमानी, बारिश में बाहर भीगते रहे छात्र और शिक्षक

जगप्रेरणा कान्हीवाड़ा।

*जिला शिक्षा केंद्र सिवनी के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कान्हीवाड़ा में प्रभारी प्राचार्य और चपरासी की घोर लापरवाही और मनमानी का मामला सामने आया है।*

स्कूल प्रबंधन की इस बेरुखी के कारण गिरते पानी (बारिश) के बीच आधे से ज्यादा शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को स्कूल परिसर के मुख्य गेट के बाहर घंटों खड़े रहकर इंतजार करना पड़ा।







## मुख्यालय से नदारद रहते हैं कर्मचारी

मिली जानकारी के अनुसार स्कूल का गेट समय पर नहीं खोला गया, जिसके चलते दूर-दराज से आने वाले बच्चों और स्टाफको भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि इस हायर सेकेंडरी स्कूल में पदस्थ चपरासी नियम विरुद्ध तरीके से मुख्यालय से बाहर रहते हैं, जिसके कारण स्कूल समय पर खुलने और बंद होने की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

## 30 से 35 किलोमीटर का सफर कर पहुंचते हैं शिक्षक

हैरानी की बात यह है कि स्कूल में पदस्थ आधे से अधिक शिक्षक रोजाना 30 से 35 किलोमीटर की लंबी दूरी तय करके अप-डाउन समय पर स्कूल पहुंचते हैं। लेकिन प्रभारी प्राचार्य की लचर प्रशासनिक व्यवस्था और चपरासी की मनमानी के कारण, कर्तव्यनिष्ठ शिक्षकों और पढ़ाई के लिए उत्सुक छात्र-छात्राओं को बारिश के मौसम में भी स्कूल के बाहर खड़े होकर प्रताड़ित होना पड़ रहा है।

## कलेक्टर और डीईओ से सख्त कार्रवाई की गुहार

ग्रामीणों, पालकों और पीड़ित छात्रों ने इस पूरी अव्यवस्था पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। स्थानीय नागरिकों ने जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी और संवेदनशील जिला कलेक्टर नेहा मीना से इस गंभीर मामले का तत्काल संज्ञान लेने का अनुरोध किया है। मांग की जा रही है कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले प्रभारी प्राचार्य और मुख्यालय से नदारद रहने वाले चपरासी के खिलाफसख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में छात्रों के भविष्य और गरिमा के साथ ऐसा खिलवाड़ न हो।

# बारिश के बीच बढ़ा सर्पदंश का खतरा, सर्पदंश से महिला की मौत

## प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने जारी की सतर्कता की अपील

जगप्रेरणा सिवनी।

*जिले में लगातार हो रही बारिश के बीच सर्पदंश की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बीते दिवस चक्की खमरिया के बंजारा मोहल्ला में एक दर्दनाक हादसा सामने आया। घर के भीतर घरेलू काम कर रही एक महिला को जहरीले नाग ने डस लिया।*

परिजन उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुनीता साहू (35 वर्ष), पति कमलेश साहू, अपने घर में घरेलू कार्य कर रही थीं। इसी दौरान घर के अंदर बने एक बिल में छिपे नाग सर्प ने उन्हें डस लिया। सर्पदंश के बाद उनकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी। परिजन बिना देर किए उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।



महिला की असामयिक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं बंजारा मोहल्ला सहित आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण सांप अपने बिलों से निकलकर रिहायशी इलाकों और घरों में पहुंच रहे हैं, जिससे सर्पदंश की घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

बरसात के मौसम में जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से लगातार सांप निकलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों के अनुसार घरों के आसपास झाड़ियां जलभराव, लकड़ी या कबाड़ का ढेर तथा चूहों के बिल होने से सांपों के आने की संभावना बढ़ जाती है।

प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की अपील

प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि बरसात के दौरान घर और आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, झाड़ियों और कबाड़ को हटाएं तथा रात में टॉर्च का उपयोग करें। यदि किसी व्यक्ति को सर्पदंश हो जाए तो झाड़-फूंक के बजाय तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुंचकर उपचार कराएं, क्योंकि समय पर इलाज से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।

# कन्या महाविद्यालय में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन हेतु दीक्षारंभ समारोह आयोजित..

जगप्रेरणा सिवनी।

*शासकीय कन्या महाविद्यालय,सिवनी में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन हेतु दीक्षारंभ समारोह का आयोजन दिनांक 1 जुलाई 2026 से 3 जुलाई 2026 तक प्राचार्य डॉ. ओमप्रकाश सरवैया के संरक्षण में आयोजित किया गया।*



महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकों ने छात्राओं एवं अभिभावकों का स्वागत किया । साथ ही महाविद्यालय की वरिष्ठ छात्राओं ने नवप्रवेशित छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर किया । कार्यक्रम में समस्त प्राध्यापकों द्वारा अपना परिचय देते हुए महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, पाठ्यक्रम, परीक्षा प्रणाली, अनुशासन, छात्रवृत्ति योजनाओं, एंटी रैगिंग संबंधी प्रावधान, महिला सुरक्षा ,साइबर सुरक्षा ,छात्र आचरण संहिता ,पुस्तकालय, राष्ट्रीय सेवा योजना (हस्स), खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा विभिन्न महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी । भूतपूर्व छात्राओं ने भी अपनी शैक्षणिक एवं अन्य उपलब्धियों के विषय में नव प्रवेशित छात्राओं को बताया। इस अवसर पर छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। साथ ही अभिभावकों से महाविद्यालय से संपर्क बनाए रखने का आग्रह छात्राओं के समुचित विकास हेतु किया गया ।उन्हें महाविद्यालय के नियमों, नियमित उपस्थिति के महत्व तथा उच्च शिक्षा के विभिन्न अवसरों से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्राओं में आत्मविश्वास विकसित करना, उन्हें महाविद्यालय के वातावरण के अनुरूप ढालना तथा उनके समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए प्रेरित करना था।

सभी छात्राओं एवं अभिभावकों ने इस आयोजन की सराहना की तथा इसे अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया ।कार्यक्रम का संचालन डॉ.अर्पणा अवस्थी ने किया एवं आभार डॉ. मो. राशिद खान ने दिया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. नरेंद्र भीमटे, श्रीमती लक्ष्मी मेश्राम, श्रीमती अल्का उईके,श्री गजेंद्र परते, सुश्री हर्षा बघेल, डॉ.अनीता भट्ट, डॉ. समिता शर्मा एवं अन्य प्राध्यापको की उपस्थित रहीं।

# वन सेफक्लिक के अंतर्गत लगातार उगली पुलिस दे रही समझाइस..

जगप्रेरणा उगली।

*जिले के अंतर्गत पुलिस थाना उगली विधानसभा केवलारी के अंतर्गत थाना प्रभारी दयाराम शरणागत एवं स्टाफके द्वारा उगली बस स्टेंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय के सामने क्षेत्रीय जन ग्रामीणों को साइबर फ्राडिंग के*



अंतर्गत होने वाली बैंक धांधली जो आजकल इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस स्मार्ट मोबाइल फोन्स से बहुत ज्यादा ऐसे केस सामने आ रहे हैं, जिसके आधार पर यदि कोई उपभोक्ता फंस जाता है, तो इसकी शिकायत नजदीकी थाना में करने के बाद किसी तरह का लाभ प्राप्त नहीं होता, क्योंकी पुलिस भी ऐसे मामलों की छानबीन नहीं कर पाती।

इस जन जागरूकता अभियान का उद्देश्य केवल स्मार्टफोन के माध्यम से फर्जी कॉल्स, ओटीपी और अपने बैंक संबंधित जानकारी किसी अजनबी व्यक्तियों को नहीं देना चाहिए साइबर फ्रॉडिंग के अंतर्गत आपके खाते से पैसे उड़ाए जा सकते हैं, ऐसी स्थिति में 1903 पर काल करके आन लाइन शिकायत कर सकते हैं।

जिसको लेकर मध्य प्रदेश के मुखिया डॉक्टर मोहन यादव ने प्रत्येक जिले के पुलिस अधीक्षक और अनुविभागिय अधिकारी व थाना प्रभारीरियों को विगत 24 जून से आगामी 8 जुलाई तक 15 दिवस के लिए यह वन सेफ क्लिक सुरक्षा अभियान चलाने की दिशा निर्देश दिए हैं,

लगातार नवनियुक्त थाना प्रभारी दयाराम शरणागत की सक्रियता उगली क्षेत्र में देखने को मिल रही है,

स्कूलों में शासकीय परिसरों ग्राम पंचायत भवनों और चौक चौराहों में उपस्थित होकर ग्रामीणों को जागरुक करते हुए पुलिस विभाग की सक्रियता देखी जा रही है।


दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433


# जयहिंद टीम ने प्राचार्य के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

जगप्रेरणा सिवनी।

*शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में इन दिनों प्रवेश को लेकर प्रबंधन द्वारा यह कहा जा रहा है कि शासन के नियम अनुसार ही आपको प्रवेश दिया जाएगा इस बात को लेकर छात्राओं एवं*



प्रबंधन के बीच आए दिन तू तूमें में की स्थिति निर्मित हो रही है इस संबंध में जय हिंद टीम के दीपक डहेरिया एंव सदस्यों ने आज रैली निकाल कर प्रबंधन को हटाए जाने की मांग की है इस संबंध में कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि लंबे समय से यहां के प्राचार्य के विरोध में शिकायतें आ रही है इसके बावजूद भी जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई न किए जाने से यहां की व्यवस्था चौपट हो रही है अतः इसे समबध मैं कार्यवाही की मांग की है।

# छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू की मैहर पदयात्रा का छपारा में भव्य स्वागत

जगप्रेरणा सिवनी।

*छिंदवाड़ा से माँ शारदा के पावन धाम मैहर तक निकाली जा रही पदयात्रा के दौरान शनिवार को यात्रा सिवनी जिले की छपारा तहसील पहुँची। इस अवसर पर यात्रा का भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं द्वारा*



गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पदयात्रा का स्वागत करने वालों में अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र डहेरिया, जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर, जिला सह कार्यालय मंत्री अलकेश रजक, पूर्व नगर अध्यक्ष (उत्तर मंडल) संजय ÷पप्पू÷ सोनी, बंटी डहेरिया, राहुल अहिरवार सहित अनेक कार्यकर्ता एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

इस दौरान सभी ने छिंदवाड़ा सांसद विवेक 'बंटी' साहू का पुष्पमालाओं से स्वागत किया और पदयात्रा में सहभागी बनकर माँ शारदा से प्रदेश एवं देश की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण की कामना की कार्यक्रम के अंत में उपस्थित श्रद्धालुओं ने ÷जय माँ शारदा÷ के जयघोष के साथ पदयात्रा का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।





न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा
वारासिवनी, कटंगी
डोंगरमाली, रामपायली, खैरलांजी, बुदबुदा, कोचेवाही, तिरोड़ी, बोनकट्टा, महकेपार..

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# चौखण्डी और बोलडोंगरी में विधायक गौरव पारधी ने 1.39 करोड़ से अधिक के सड़क निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

जगप्रेरणा कटंगी।

***कटंगी विधानसभा क्षेत्र में विधायक गौरव सिंह पारधी लगातार विकास कार्यों को गति देने में सक्रिय हैं। क्षेत्र के विभिन्न गावों में सड़क, भवन और अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों के भूमि पूजन एवं लोकार्पण के माध्यम से***









विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को उन्होंने चौखण्डी और बोलडोगरी में सड़क निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कर ग्रामीण विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## 1.28 करोड़ की लागत से बनेगी चौखण्डी-धनकोषा सड़क

ग्राम चौखण्डी में विधायक ने चौखण्डी से धनकोषा तक 1.5 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। करीब 1 करोड़ 28 लाख की लागत से बनने वाली इस सड़क की मांग ग्रामीण लंबे समय से कर रहे थे। सड़क निर्माण को क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग माना जा रहा है। इसके बनने से चौखण्डी, धनकोषा सहित आसपास के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी, साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि कार्यों के लिए आवागमन पहले की अपेक्षा अधिक सुगम होगा।

## बोलडोगरी में सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ

इसके बाद विधायक गौरव सिंह पारधी ग्राम बोलडोगरी पहुंचे, जहां उन्होंने 11.24 लाख रुपये की लागत से बनने वाली 350 मीटर लंबी सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीण बस्ती में आवागमन सुगम होगा तथा स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगी। दोनों विकास कार्यों पर कुल 1 करोड़ 39 लाख 34 हजार रुपये की राशि व्यय की जाएगी।

## बेहतर सड़कें गांवों के विकास की आधारशिला : गौरव सिंह पारधी

भूमि पूजन के अवसर पर विधायक गौरव सिंह पारधी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार उनकी प्राथमिकता है और इन निर्माण कार्यों से ग्रामीणों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के अन्य गांवों की आवश्यकताओं और मांगों को भी चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। आने वाले समय में शेष ग्रामों में भी प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्यों को स्वीकृति देकर उन्हें धरातल पर उतारा जाएगा। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब और श्रमिक वर्ग के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की रही उल्लेखनीय उपस्थिति

कार्यक्रम में जनपद पंचायत कटंगी अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रविकाता महेश बोरकर, सरपंच विनीता रविन्द्र चकोले, उपसरपंच रविन्द्र महाजन, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मेष देशमुख, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, जनपद सदस्य श्रीमती रेखा शिशुपाल परिहार, भाजपा मंडल अध्यक्ष अविनाश देशमुख, पूर्व सरपंच प्रेमचंद बोपचे, हेमंत रहांगडाले, गिरधारी ठाकरे, छतरलाल अगासे, कमलेश ठाकरे, सरपंच श्रीमती सिरमन धुर्वे, जनपद सदस्य श्रीमती सुरमन सुखराम राऊत, पूर्व सरपंच राजेंद्र तुरकर, सरपंच ज्ञानसिंह नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# भालू का शिकार कर टुकड़ो में काटा; कुआं में फेंका शव, फॉरेस्ट ने किया बरामद

### वन परिक्षेत्र खैरलांजी के ग्राम पिपरटोला का मामला..







जगप्रेरणा खैरलांजी।

***वन परिक्षेत्र अंतर्गत भंडारबोड़ी सर्किल के ग्राम पिपरटोला में एक नर व्यस्क वन्य प्राणी भालू का टुकड़ों में शव एक किसान के कुआं से वन विभाग ने बरामद किया है। वन्य प्राणी भालू का शव बरामद कर पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया गया हैं।***

वहीं वन विभाग ने प्रथम दृष्ट्या शिकार करना पाया गया है और आरोपियों की तलाश में जुट गया हैं। जानकारी अनुसार, किसान जियालाल धुर्वे 4 जुलाई की सुबह खेत गया हुआ था, उसने खेत में बने कुएं में देखा कि कुछ मरा हुआ है फिर उसने वन विभाग के अधिकारियो को जानकारी दी, मौके पर पहुंचे वन परिक्षेत्र अधिकारी डी.सी. वासनिक ने देखें तो पता चला कि वन्य प्राणी भालू हैं जिसका शिकार कर शरीर को टुकड़ों में काटकर फेंका गया हैं।

उक्त जानकारी एसडीओ, डीएफओ, सीसीएफको दी गई। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन में डॉग स्कॉट की टीम मौके पर पहुंची और जांच की गई। वन विभाग ने कुएं से शव निकाला तो देखा गया कि भालू का सिर धड़ से अलग था, चारों पैर कटे हुए थे और आगे के दो पैरों के नाखून गायब पाए गए। याने भालू के क़रीब छह से सात टुकड़ों में शव बरामद किया गया हैं। वहीं बताया जा रहा हैं कि भालू का शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा हैं। फिलहाल, वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के उपस्थिति में पंचनामा कार्रवाई के पश्चात डॉक्टरों ने शव का पोस्टमार्टम कर अंतिम संस्कार किया गया। वहीं वन विभाग ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

# बिल समय पर, बिजली बेवक्त ! रामपायली की बिजली व्यवस्था पर जनता का सवाल - क्या अंधेरे में ही होगा विकास?..

जगप्रेरणा रामपायली।

***इक्कीसवीं सदी में बिजली केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि जीवन की आधारशिला बन चुकी है। शिक्षा से स्वास्थ्य तक, खेती से उद्योग तक और पेयजल से डिजिटल सेवाओं तक हर व्यवस्था बिजली पर निर्भर है।***

ऐसे दौर में यदि किसी क्षेत्र की जनता बार-बार होने वाली विद्युत कटौती से परेशान हो, तो यह केवल एक स्थानीय समस्या नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं पर गंभीर प्रश्नचिह्न है।

रामपायली एवं आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों अनियमित बिजली कटौती लोगों की सबसे बड़ी परेशानी बन चुकी है। दिन हो या रात, बिना किसी पूर्व सूचना के घंटों बिजली गुल होना अब आम बात हो गई है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है, छोटे व्यापार प्रभावित हो रहे हैं, किसानों की सिंचाई व्यवस्था चरमरा रही है और आम नागरिकों का दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

बरसात का मौसम शुरू होते ही बिजली व्यवस्था की कमजोरियां और अधिक उजागर होने लगी हैं। हल्की वर्षा या सामान्य हवा के बाद भी बिजली आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहना यह संकेत देता है कि विद्युत तंत्र की तैयारियों और रखरखाव पर गंभीरता से पुनर्विचार की आवश्यकता है। यदि प्रत्येक वर्ष मानसून निश्चित समय पर आता है, तो प्री-मानसून मेंटेनेंस, जर्जर लाइनों का सुधार, ट्रांसफार्मरों की जांच और तकनीकी तैयारियां समय पर क्यों पूरी नहीं होतीं? यह प्रश्न अब आम नागरिक भी पूछने लगा है। और मेंटनेंस होता भी है तो अंधकार वहीं ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ होती है?

अंधेरा केवल असुविधा नहीं लाता, बल्कि अनेक खतरे भी साथ लाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश, करंट से दुर्घटनाएं, सड़क हादसे तथा आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में बाधा जैसी समस्याएं बिजली कटौती के दौरान और गंभीर हो जाती हैं। ऐसे में निर्बाध विद्युत आपूर्ति केवल विकास का विषय नहीं, बल्कि जनसुरक्षा का भी प्रश्न है।

उपभोक्ताओं का एक बड़ा वर्ग यह भी पूछ रहा है कि जब बिजली का बिल समय पर जमा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है, तो गुणवत्तापूर्ण और नियमित बिजली उपलब्ध कराना विद्युत तंत्र की जिम्मेदारी क्यों नहीं दिखाई देती? यदि उपभोक्ता अपने कर्तव्य का निर्वहन कर रहे हैं, तो सेवा की गुणवत्ता भी उसी स्तर की अपेक्षित है। यही कारण है कि लोगों के बीच यह चर्चा तेज हो रही है—÷बिल पूरा, लेकिन बिजली अधूरी।÷



जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी अब चर्चा के केंद्र में है। विधायक, सांसद और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधि चुनाव के समय जनता की समस्याओं के समाधान का भरोसा देते हैं। ऐसे में क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण मूलभूत समस्या पर उनकी सक्रियता भी जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप दिखाई देनी चाहिए। केवल आश्वासन नहीं, बल्कि विभागीय समन्वय, प्रभावी निगरानी और स्थायी समाधान ही जनता का विश्वास मजबूत कर सकते हैं।

रामपायली की यह समस्या किसी एक गांव या कस्बे तक सीमित नहीं है। यह उस व्यापक चिंता का प्रतीक है, जहां विकास के दावों के बीच आम नागरिक आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है।

बिजली आज रोटी, कपड़ा और मकान के समान जीवन की अनिवार्य आवश्यकता बन चुकी है। इसलिए इसकी अनियमितता को सामान्य समस्या मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

अब समय आ गया है कि विद्युत कंपनी, प्रशासन और जनप्रतिनिधि जवाबदेही के साथ आगे आएं। जनता को आश्वासन नहीं, समाधान चाहिए; घोषणाएं नहीं, निर्बाध बिजली चाहिए।

सवाल व्यवस्था से... क्या हर बरसात में बिजली व्यवस्था इसी तरह बेबस होती रहेगी? क्या मेंटेनेंस केवल कागजों तक सीमित है? क्या आम नागरिक को अपनी मूलभूत आवश्यकता के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष करना पड़ेगा? या फिर जिम्मेदार तंत्र समय रहते जागेगा और रामपायली सहित पूरे क्षेत्र को अंधेरे से उजाले की ओर ले जाएगा?

# जिले में 04 जुलाई तक 223 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

## वारासिवनी तहसील में सबसे अधिक 363 मिलीमीटर और बिरसा तहसील में सबसे कम 79 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड..

### जिले में बीते 24 घंटे में 40 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

### बीते 24 घंटे में किरनापुर तहसील में 79 मिमी, वारासिवनी में 63 मिमी वर्षा रिकार्ड

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***चालू वर्षा सत्र में बालाघाट जिले में 1 जून से 04 जुलाई 2026 तक कुल 223 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 206 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी।***

जिले की औसत सामान्य वार्षिक वर्षा 1447 मिलीमीटर निर्धारित है। जिले में 01 जून से 04 जुलाई तक 285 मिलीमीटर वर्षा हो जाना चाहिए। कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 04 जुलाई को प्रातः 8 बजे समाप्त हुए पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में 40 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 44 मिलीमीटर, वारासिवनी में 63 मिलीमीटर, बैहर में 41 मिलीमीटर, लांजी में 35 मिलीमीटर, कटंगी में 44 मिलीमीटर, किरनापुर में 79 मिलीमीटर, खैरलांजी में 29 मिलीमीटर, लालबर्रा में 36 मिलीमीटर, बिरसा में 22 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 23 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 28 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

चालू वर्ष में 01 जून से 04 जुलाई तक सबसे अधिक 363 मिलीमीटर वर्षा वारासिवनी तहसील में दर्ज की गई है, जबकि सबसे कम 79 मिलीमीटर वर्षा बिरसा तहसील में रिकॉर्ड की गई है। इस अवधि में बालाघाट तहसील में 355 मिलीमीटर, बैहर में 260 मिलीमीटर, लांजी में 184 मिलीमीटर, कटंगी में 137 मिलीमीटर, किरनापुर में 315 मिलीमीटर, खैरलांजी में 108 मिलीमीटर, लालबर्रा में 255 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 203 मिलीमीटर एवं तिरोड़ी में 191 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

वर्ष 2025 में इसी अवधि के दौरान बालाघाट तहसील में 331 मिलीमीटर, वारासिवनी में 239 मिलीमीटर, बैहर में 297 मिलीमीटर, लांजी में 119 मिलीमीटर, कटंगी में 69 मिलीमीटर, किरनापुर में 262 मिलीमीटर, खैरलांजी में 61 मिलीमीटर, लालबर्रा में 266 मिलीमीटर, बिरसा में 252 मिलीमीटर, परसवाड़ा में 280 मिलीमीटर तथा तिरोड़ी में 86 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई थी।

## नाम परिवर्तन सूचना

समीना बानो मेमन पति श्री अल्ताफ मेमन जाति मोमीन जुल्हा निवासी वार्ड नं. 07 कटंगी सिवनी रोड कटंगी जिला बालाघाट के इस्थाई निवासी है। समीना बानो मेमन का पासपोर्ट बना है जिसमें अंग्रेजी मे सरनेम **MEMAN** हो गया है जो कि गलत है इसमें अंग्रेजी शब्द ए के स्थान पर ओ शब्द अंकित करना है शपथकर्ता का सही सरनेम मेमन है अंग्रेजी शब्द **MEMON** हिन्दी शब्द है अंग्रेजी शब्द ए को हटाके ओ शब्द जोडना था नाम परिवर्तन नही किया गया है इसे एक ही समझा जाये।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन.. दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..
मो. 9329033433

# शासकीय एस.एस.पी. महाविद्यालय वारासिवनी में तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम संपन्न..

जगप्रेरणा वारासिवनी।

***शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय, वारासिवनी में शासन के निर्देशानुसार 1 से 3 जुलाई तक तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का महाविद्यालय परिवार में स्वागत करते हुए उन्हें महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था से परिचित कराना था।***

प्रथम दिवस पर नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को कक्षा समूहों से जोडने हेतु सूची तैयार की गई तथा उन्हें महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान ग्रंथालय, कार्यालय, विभिन्न प्रयोगशालाओं, खेल मैदान, छात्रावास एवं कंप्यूटर लैब सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। द्वितीय दिवस का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. एस.एस. गेड़ाम के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व एवं महाविद्यालय की कार्यप्रणाली से अवगत कराया। इसके पश्चात विभिन्न विभागाध्यक्षों एवं प्रभारियों ने अपने-अपने विभागों की गतिविधियों एवं अवसरों की जानकारी दी।

प्रो. दोमदत्त सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की विस्तृत जानकारी प्रदान की। वहीं प्रो. रक्षा निकोसे (हिंदी), प्रो. वी.के. सिंह (प्राणीशास्त्र), प्रो. मोहनीश इडपाचे (रसायनशास्त्र), प्रो. हिमांशु गुर्दे (वाणिज्य), ग्रंथपाल श्री युगल किशोर लांझेवार, प्रो. कृष्णा पराते (एनएसएस), प्रो. नरेंद्र डोंगरे (विधि) तथा प्रो. अनिरुद्ध काकोडिया (अर्थशास्त्र) ने विद्यार्थियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। कार्यक्रम का संचालन प्रो. कृष्णा पराते ने किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन जीवन, शैक्षणिक वातावरण एवं उपलब्ध संसाधनों की समग्र जानकारी प्रदान की गई।










विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# केदारनाथ धाम के भक्तों से बदतमीजी बर्दाश्त नहीं, घोड़ा और खच्चर संचालकों को प्रशासन की चेतावनी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***उत्तराखंड में तीर्थयात्रियों के साथ बदसलूकी के कई मामले सामने आने के बाद प्रशासन ने घोड़ा और खच्चर संचालकों को चेतावनी दी है। रूद्रप्रयाग के डीएम ने साफ किया है***



कि यात्रियों के साथ बदतमीजी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट विशाल मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि रुद्रप्रयाग प्रशासन ने केदारनाथ यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले घोड़े और खच्चर संचालकों और कुलियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

जिला मजिस्ट्रेट ने सभी घोड़ा और खच्चर संचालकों, मालिकों और कुलियों (फेरीवालों) से अपील की है। उन्होंने तीर्थयात्रियों के साथ शिष्टाचार, गरिमा और सम्मान के साथ व्यवहार करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य श्रद्धालुओं को तीर्थयात्रा के दौरान एक सुरक्षित और सुखद अनुभव प्राप्त कराना है।

### सुचारू रूप से चल रही केदारनाथ यात्रा..

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि केदारनाथ धाम यात्रा काफी हद तक सुचारू रूप से चल रही है, लेकिन प्रशासन को कुछ शिकायतें मिली हैं। कुछ मामलों में घोड़े और खच्चर संचालकों और फेरीवालों पर तीर्थयात्रियों के प्रति अनुचित व्यवहार के आरोप लगे हैं। इस संबंध में विशाल मिश्रा ने कहा, 'यात्रा के प्रारंभिक चरण में, घोड़े-खच्चर चालकों और फेरीवालों द्वारा तीर्थयात्रियों के प्रति दुर्व्यवहार की कुछ शिकायतें सामने आईं। इसके बाद मालिकों और फेरीवालों दोनों को पुलिस सत्यापन कराने और जिला पंचायत में पंजीकरण कराने का निर्देश दिया गया है। अनुपालन न करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।'

### दोषियों पर सख्त कार्यवाही..

जिला अधिकारी ने कहा कि दोषियों के खिलाफ पहले ही कार्रवाई की जा चुकी है और चेतावनी दी कि भविष्य में इसी तरह की कोई भी शिकायत आने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मिश्रा ने कहा कि केदारनाथ धाम की यात्रा करने वाले तीर्थयात्री यात्रा मार्ग पर घोड़ों, खच्चरों और पालकियों पर निर्भर रहते हैं, इसलिए सेवा प्रदाताओं के लिए पूरी तीर्थयात्रा के दौरान उचित आचरण बनाए रखना आवश्यक है।

### सभी संचालकों के लिए रजिस्ट्रेशन जरूरी..

जिला मजिस्ट्रेट ने सभी घोड़ा और खच्चर संचालकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि उनके अधीन काम करने वाले प्रत्येक कुली का जिला पंचायत में पंजीकरण अनिवार्य हो। उन्होंने कहा कि वैध पंजीकरण के बिना केदारनाथ तीर्थयात्रा मार्ग पर काम करते पाए जाने वालों को ब्लैकलिस्ट किया जाएगा, उन पर आर्थिक जुर्माना लगाया जाएगा और अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### संचालक ने बदसलूकी की तो मालिक पर भी एक्शन..

जिला मजिस्ट्रेट ने यह भी कहा कि यदि कोई पंजीकृत संचालक या फेरीवाला तीर्थयात्रियों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए पाया जाता है, तो मालिक और संबंधित फेरीवाले दोनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

मिश्रा ने सभी हितधारकों से केदारनाथ यात्रा की पवित्रता बनाए रखने का आग्रह करते हुए संचालकों, मालिकों और कुलियों से यह सुनिश्चित करने का आह्वान किया कि तीर्थयात्रियों को उनकी पूरी यात्रा के दौरान सुरक्षित, सम्मानजनक और गरिमापूर्ण सेवाएं प्राप्त हों।

# पाकिस्तान में बड़ा हादसा, खाई में गिरी यात्रियों से भरी बस; 40 लोगों की हुई मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां क्वेटा से पेशावर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। हादसा खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के इस्माइल खान जिले में हुआ।***



बताया जा रहा है कि हादसे के वक्त बस में 48 लोग सवार थे। मिली जानकारी के मुताबिक इस हादसे में 40 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 8 लोग घायल बताए जा रहें। फिलहाल अधिकारियों का कहना है कि हादसा क्यों हुआ, इसकी जांच की जा रही है। शुरुआती जांच से पता चल रहा है कि ब्रेक फेल होने की वजह से यह हादसा हुआ है।

### ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा..

उत्तर-पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में एक बस के खाई में गिर जाने से महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 40 लोगों की मौत हो गई। पेशावर जाने वाली यह बस बलूचिस्तान के क्वेटा से चली थी। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा तब हुआ जब बस खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में पहुंची। शुरुआती जांच से पता चलता है कि बस के ब्रेक फेल हो गए थे, जिससे पहाड़ी इलाके में एक मुश्किल मोड़ पर ड्राइवर का नियंत्रण खो गया। बस सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि हादसे की वजह का और पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### बस में 48 लोग थे सवार..

बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती के मीडिया और राजनीतिक मामलों के सहयोगी शाहिद रिंद ने कहा, 'शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, इस हादसे में 40 लोगों की मौत हुई है और आठ अन्य घायल हुए हैं।' उन्होंने कहा, 'दोनों प्रांतों के जिला प्रशासन, बचाव दल और अन्य संबंधित विभाग प्रभावित लोगों की मदद कर रहे हैं।' 1122 बचाव दल के अनुसार, घटना के समय बस में 48 लोग सवार थे। वहीं 'डॉन' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, जब बस क्वेटा से चली थी तो उसमें 36 लोग थे और बाकी लोग रास्ते में बस में सवार हुए थे। शेरानी जिले के डिप्टी कमिश्नर वली खान काकर ने कहा कि मृतकों और घायलों की पहचान की प्रक्रिया चल रही है।

### राष्ट्रपति ने दिए निर्देश..

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफअली जरदारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ÷घायलों को हर संभव और बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं÷। उनके कार्यालय ने एक बयान में कहा, ÷पूरा देश इस दुखद घटना में प्रभावित परिवारों के दुख में बराबर का भागीदार है।÷ खैबर पख्तूनख्वा के पहाड़ी इलाकों में सड़क दुर्घटनाएं आम हैं और अक्सर जानलेवा होती हैं। इसके पीछे कई कारण हैं, जैसे खतरनाक रास्ते, खराब मौसम, बार-बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन, सड़कों की खराब हालत, गाड़ियों की खराब हालत और बिना ट्रेनिंग वाले ड्राइवर।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें..
मो. 9329033433

# मां को अपशब्द कहने पर भाई की हत्या करने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***झारखंड के सिमडेगा जिले में पैसे को लेकर हुए झगड़े के दौरान अपनी मां को अपशब्द कहने पर छोटे भाई की लाठी से पीट-पीटकर हत्या करने के आरोप में 36 साल के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।***




पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि यह घटना शुक्रवार को कुरडेग थाना क्षेत्र के बंगांव-बेंडोकानी गांव में हुई और मृतक की पहचान बिनोद डुंगडुंग (33) के तौर पर की गई।

पुलिस ने बताया कि पैसों के मामले को लेकर भाइयों के बीच झगड़ा हो गया, जिसके दौरान बिनोद ने कथित तौर पर अपनी मां को अपशब्द कहे। गुस्से में आकर सुमन ने अपने छोटे भाई के सिर पर डंडे से वार किया। बिनोद को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया और बाद में घर लाया गया, जहां चोटों के कारण उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद पीड़ित की रिश्तेदार ने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) रणवीर सिंह ने पत्रकारों को बताया, 'हमने आरोपी को उसके छोटे भाई की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान उसने अपना अपराध कबूल कर लिया और बताया कि पैसे के झगड़े को लेकर भाई द्वारा मां को अपशब्द कहने पर गुस्से में आकर उसने अपने भाई पर हमला कर दिया था।' उन्होंने कहा कि पुलिस ने अपराध में कथित तौर पर इस्तेमाल की गई लाठी बरामद कर ली है।

# कुशीनगर में ग्राम प्रधान की पत्नी का शव शौचालय में मिला, जांच में जुटी पुलिस..




जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में तरयासुजान थाना क्षेत्र के बेदुपार मुस्तकील गांव के प्रधान की पत्नी का जला हुआ शव शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में घर के शौचालय से बरामद हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी।***

पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान ग्राम प्रधान अवनीश कुशवाहा की पत्नी मंजू देवी (40) के रूप में हुई है। शनिवार सुबह करीब 10 बजे ग्राम प्रधान के घर से धुआं उठता देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जहां शौचालय में मंजू देवी का अधजला शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि परिजनों ने प्रारंभिक तौर पर दावा किया कि मंजू देवी ने स्वयं को आग लगाकर जान दे दी, लेकिन वे इसके पीछे का कारण नहीं बता सके। इस बीच, घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मृतका के भाई राजन ने तरयासुजान थाने में तहरीर देकर

घटना पर संदेह जताया और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तरयासुजान थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है और मृत्यु का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। एसएचओ ने कहा, 'घटना से जुड़े सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है।'

# गुरुग्राम में बच्चे का गला दबाकर मोबाइल फोन लूटने के आरोप में युवक गिरफ्तार..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***हरियाणा के गुरुग्राम में पुलिस ने 10 वर्षीय एक बच्चे का गला दबाकर उसका मोबाइल फोन लूटने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।***



उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान अशोक विहार निवासी 19 वर्षीय सचिन के रूप में हुई है। उसे गुरुग्राम के प्रेम नगर इलाके में हुई इस कथित घटना के 24 घंटे के भीतर शनिवार को गुरुग्राम बस अड्डे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपी नशे का आदी है और उसने अपनी लत पूरी करने के लिए यह लूट की वारदात की। इस घटना का एक कथित वीडियो पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था।

पुलिस ने बताया कि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे एक पुरुष और एक महिला को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जांच में पता चला कि दोनों का आरोपी से कोई संबंध नहीं है और वे इस लूट की घटना में शामिल नहीं थे। पुलिस के अनुसार, एक व्यक्ति ने शुक्रवार को सेक्टर-14 थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसका 10 वर्षीय बेटा अपनी बुआ का मोबाइल फोन लौटाने जा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात युवक ने पीछे से आकर उसका गला दबाया, मोबाइल फोन छीन लिया और फरार हो गया।

शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया। इसके बाद सेक्टर-14 थाना पुलिस और अपराध शाखा, सेक्टर-17 की संयुक्त टीम ने गुरुग्राम बस अड्डे के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गुरुग्राम पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, 'पूछताछ के दौरान पता चला कि आरोपी नशे का आदी है और उसने अपनी लत पूरी करने के लिए अकेले ही इस लूट की वारदात को अंजाम दिया। वह पहले एक नशामुक्ति केंद्र में उपचार करा चुका है और पिछले 10-12 दिनों से अपने घर से भी लापता था। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।'

# परिजनों की उपेक्षा से दुखी बुजुर्ग को युवाओं ने आत्महत्या करने से बचाया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ठाणे जिले के बदलापुर रेलवे स्टेशन पर शनिवार को युवाओं के एक समूह ने एक बुजुर्ग व्यक्ति की आत्महत्या की कोशिश को विफल कर दिया। बुजुर्ग ने बताया कि परिवार में उन्हें कोई चाहता नहीं है और वह परिवार पर बोझ हैं।***



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लगभग 80-90 साल का एक व्यक्ति बहुत परेशान हालत में रेल की पटरियों की ओर जाता हुआ दिखाई दिया। यह देखकर वहां मौजूद लोगों का एक समूह (जिसमें ज्यादातर स्थानीय युवा थे) तेजी से आगे बढ़ा और ठीक समय पर उसे सुरक्षित जगह पर ले आया।

उन्होंने बताया कि जब युवाओं ने बुजुर्ग को दिलासा दी और पूछा कि उन्हें ऐसा कदम उठाने के बारे में सोचने पर किस बात ने मजबूर किया तो वह फूट-फूटकर रोने लगे। बुजुर्ग ने उन्हें सांत्वना देने के लिए इकट्ठा हुए लोगों से कहा, 'मेरे परिवार में अब कोई मुझे नहीं चाहता। मैं उन पर बोझ बन गया हूं। इसीलिए मैंने अपनी जान देने का फैसला किया।'

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उन्हें घर वापस ले जाने से पहले युवाओं का समूह स्टेशन पर काफी देर तक उनके साथ बैठा रहा। सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुए एक वीडियो में एक बुजुर्ग व्यक्ति को रेल की पटरी के पास बैठकर रोते हुए और घर पर परिजनों द्वारा अपनी उपेक्षा किए जाने के बारे में बताते हुए देखा गया। इस वीडियो से लोग भावुक हो गए और बुजुर्गों को बेसहारा छोड़े जाने के मुद्दे पर कई पोस्ट और संदेश सामने आए। बुजुर्ग व्यक्ति और उनके परिजनों के बारे में जानकारी तुरंत उपलब्ध नहीं थी।

# शाहजहांपुर में अनियंत्रित कार खेत में घुसी, दो मजदूरों की मौत..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के एक गांव में शनिवार शाम एक नौसिखिए चालक द्वारा चलाई जा रही कार के अनियंत्रित होकर खेत में घुस जाने से दो खेत मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। जालालाबाद के क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने बताया कि यह घटना अल्लाहगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत हलू नगला गांव में हुई।***

उन्होंने बताया कि अर्जुन गाड़ी चलाना सीख रहा था तभी अल्लाहगंज-हलू नगला मार्ग पर कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे स्थित खेतों में जा घुसी, जहां काम कर रहे दो मजदूर उसकी चपेट में आ गए। अधिकारी के अनुसार, हादसे में अतुल (35)

और कालीचरण (50) की मौके पर ही मौत हो गई। ज्योति यादव ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से बताया कि तेज रफ्तार से चल रही कार पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी। पुलिस ने वाहन और चालक को हिरासत में ले लिया है तथा शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सीबीआई ने दक्षिण पश्चिम रेलवे भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दक्षिण पश्चिम रेलवे की विभागीय भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र कथित रूप से लीक करने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पी. अशोक और शेख जिलानी के रूप में हुई है।***




सीबीआई के एक प्रवक्ता ने बताया कि दोनों को शुक्रवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया। इन पर दक्षिण पश्चिम रेलवे में मालगाड़ी प्रबंधक के पद पर भर्ती के लिए आयोजित सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई)-2022 का प्रश्नपत्र कथित रूप से लीक करने का आरोप है।

प्रवक्ता के अनुसार, दक्षिण पश्चिम रेलवे की शिकायत पर सीबीआई ने 23 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान अशोक और जिलानी को अतिरिक्त आरोपी के रूप में नामजद किया गया। सीबीआई ने बताया कि अशोक और जिलानी के ठिकानों पर की गई तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज, स्कैनर और प्रिंटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, परीक्षा से जुड़े रिकॉर्ड और अभ्यर्थियों के विवरण बरामद किये गए।

इन उपकरणों का कथित तौर पर रेलवे परीक्षाओं में धोखाधड़ी के लिए इस्तेमाल किया जाता था। जांच में यह भी सामने आया है कि दोनों आरोपियों के खिलाफऐसे साक्ष्य मिले हैं, जो उन्हें प्रश्नपत्र लीक करने की कथित साजिश और परीक्षा से पहले चुनिंदा अभ्यर्थियों तक प्रश्नपत्र पहुंचाने से जोड़ते हैं।

सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि प्रश्नपत्र लीक करने के इस पूरे गिरोह के दोनों आरोपी मुख्य सरगना हैं। दोनों आरोपियों को शुक्रवार को बेंगलुरु की एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें चार दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया।









# अर्जेंटीना ने राउंड ऑफ 16 में पक्की की जगह, इजिप्ट की टीम से होगा अब मुकाबला..

डेस्क जगप्रेरणा।

*फीफा वर्ल्ड कप 2026 में डिफेंडिंग चैंपियन अर्जेंटीना के लिए राउंड ऑफ 32 में केप वर्डे के खिलाफ मुकाबला बिल्कुल भी आसान नहीं रहा जिसमें वह अंतिम समय पर इसे 3-2 से जीतने में कामयाब हो सके*



और प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी जगह को पक्का कर लिया। केप वर्डे जो फीफा वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार हिस्सा ले रही है उसने अपने खेल से सभी का दिल जीता जिसमें अर्जेंटीना को जीत हासिल करने के लिए काफी संघर्ष भी करना पड़ा। इस मैच में केप वर्डे के लिए डिने बोर्गस का आत्मघाती गोल भारी पड़ गया जिसके चलते उनका सफर विश्व कप में राउंड ऑफ32 में ही खत्म हो गया। अब अर्जेंटीना का राउंड 16 में सामना इजिप्ट की टीम से होगा।

## मेसी ने दिलाई अर्जेंटीना को बढ़त, केप वर्डे ने भी दी बराबरी की टक्कर..

अर्जेंटीना और केप वर्डे के बीच में राउंड ऑफ 32 का मुकाबला मियामी स्टेडियम में खेला गया। इस मैच में अर्जेंटीना टीम के कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी लियोनल मेसी ने पहले राउंड के 29वें मिनट में गोल करने के साथ अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद दूसरे हाफ की शुरुआत होने के साथ केप वर्डे की तरफ से काफी आक्रामक खेल देखने को मिला जिसमें उन्होंने 59वें मिनट के खेल में मुकाबले में अपना पहला गोल करने के साथ 1-1 से बराबरी कर ली। केप वर्डे के लिए ये गोल डेरोय डुआर्टे ने किया। अब दूसरे हाफ का खेल खत्म होने पर मुकाबला 1-1 से बराबरी पर था।

## अतिरिक्त समय में दिखा मुकाबले का असली रोमांच..

दोनों हाफ के खत्म होने के बाद अतिरिक्त समय लिए जाते ही 92वें मिनट में अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी मार्टिनेज ने गोल करने के साथ अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया और यहां से सभी को लगा कि अब मुकाबला लगभग खत्म है। केप वर्डे ने एकबार फिर से सभी को गलत साबित करने के साथ उनकी तरफ से 103वें मिनट में उनकी तरफ से काब्रेल ने गोल करते हुए स्कोर लाइन 2-2 से बराबर कर दी। अब इसके बाद फिर से रेफरी ने अतिरिक्त 15 मिनट लेने का फैसला लेते हुए खेल को जारी रखा। इसी दौरान 111वें मिनट में मेसी के कॉर्नर प्रयास को गोल पोस्ट में जाने से रोकने के लिए केप वर्डे के खिलाड़ी डिने बोर्गस ने आत्मघाती गोल करते हुए अपनी ही टीम का नुकसान कर दिया। इसके बाद केप वर्डे ने गोल करने का काफी प्रयास किया लेकिन उनको मैच में 3-2 के अंतर से हार का सामना करना पड़ा। अब अर्जेंटीना की टीम राउंड 16 में 7 जुलाई को भारतीय समयानुसार रात 9:30 पर इजिप्ट की टीम के खिलाफ मुकाबला खेलेगी।

# मातृभूमि फिल्म के सर्टिफिकेट में नहीं आ रही कोई दिक्कत, सलमान खान की टीम ने अफवाहों पर लगाया ताला..

डेस्क जगप्रेरणा।

*बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म कंपनी ने 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' को लेकर चल रही अटकलों पर जवाब दिया है। उन्होंने उन खबरों को गलत बताया है जिनमें कहा गया था*



कि फिल्म को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (CBFC) से जुड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रोडक्शन कंपनी ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर जारी एक बयान में इन आरोपों को खारिज किया है। कंपनी ने कहा कि फिल्म को सर्टिफिकेशन के लिए CBFC के पास भेजा ही नहीं गया है, इसलिए ये सभी आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

## बयान में बताई पूरी सच्चाई..

बयान में कहा गया, 'ऐसे सभी दावे गलत हैं जिनमें कहा गया है कि 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' को CBFC से जुड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है या इसके सर्टिफिकेशन को रोक दिया गया है। फिल्म को अभी तक सर्टिफिकेशन के लिए CBFC के पास जमा ही नहीं किया गया है।

इसलिए, ऐसी खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं।' बैनर ने मीडिया संगठनों और सोशल मीडिया यूज़र्स से बिना पुष्टि की गई जानकारी न फैलाने की अपील भी की। साथ ही कहा कि फिल्म से जुड़ी कोई भी जानकारी सिर्फ सलमान खान फिल्म्स के ऑफिशियल प्लेटफॉर्म के जरिए ही दी जाएगी।

## अफवाह न फैलाने का किया अनुरोध..

बयान में आगे कहा गया, 'हम मीडिया आउटलेट्स और लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे बिना पुष्टि की गई जानकारी न फैलाएं। फिल्म के बारे में कोई भी ऑफिशियल अपडेट सलमान खान फिल्म्स अपने ऑफिशियल चैनलों के ज़रिए ही शेयर करेगा।' यह साफ-सफाई तब आई है जब ऐसी खबरें आ रही थीं कि 'मातृभूमिः मे वॉर रेस्ट इन पीस' को सर्टिफिकेशन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सलमान खान फिल्म्स के ताजा अपडेट से यह साफ हो गया है कि सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया अभी शुरू भी नहीं हुई है और लोगों को जानकारी के लिए सिर्फआधिकारिक स्रोतों पर ही निर्भर रहना चाहिए। सलमान खान स्टारर इस फिल्म में चित्रांगदा ने लीड प्ले किया है। फिल्म को अपूर्व लखिया ने डायरेक्ट किया है और इसको लेकर फैन्स भी काफी उत्साहित हैं। ये फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फैन्स को उम्मीद है कि जल्द ही इसका ट्रेलर भी देखने को मिल सकता है।

# सुदर्शन के 168 रन, भारत ए ने आठ विकेट पर 541 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*भारत ए ने साईं सुदर्शन की 168 रन की शानदार शतकीय पारी के बाद मध्यक्रम और निचले क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान की बदौलत दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को यहां श्रीलंका ए के खिलाफ*



आठ विकेट पर 541 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर लिया। बारिश से प्रभावित तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ए ने 175 रन की बढ़त हासिल कर ली थी। मुकाबले का एक दिन का खेल अभी बाकी है।

सुदर्शन ने तीसरे दिन 104 रन से आगे खेलना शुरू किया और अपनी शानदार बल्लेबाजी जारी रखते हुए 267 गेंद में 22 चौकों की मदद से 168 रन बनाए। हालांकि दूसरे छोर पर देवदत्त पडिक्कल अपने रात के स्कोर 94 रन में एक भी रन का इजाफा किए बिना ही आउट हो गए।

दिन की पहली ही गेंद पर पडिक्कल के आउट होने से भारत ए का स्कोर दो विकेट पर 248 रन हो गया। इसके बाद सुदर्शन को कप्तान ध्रुव जुरेल (53 रन, 88 गेंद) का अच्छा साथ मिला। सुदर्शन और जुरेल की साझेदारी से पहले हालांकि भारत ए को एक बड़ा झटका लगा जब रुतुराज गायकवाड़ (13) को तेज गेंदबाज असांका मनोज की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद चोटिल होकर मैदान छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा।

सुदर्शन और जुरेल ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए टीम को संभाला। अब देखना होगा कि गायकवाड़ रविवार को बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरते हैं या नहीं। सुदर्शन और जुरेल ने तीसरे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी कर मेजबान टीम को कोई और सफलता नहीं मिलने दी और भारत ए की पकड़ मजबूत कर दी।

सुदर्शन दोहरे शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर दिलुम सुदीरा ने उन्हें पगबाधा आउट कर उनकी शानदार पारी का अंत किया। इसके बाद जुरेल भी ज्यादा देर नहीं टिक सके और सुदीरा की गेंद पर पगबाधा हो गए। फिर शेख रशीद ने 51 गेंद में 45 रन की तेज पारी खेली, लेकिन ऑफ स्पिनर केशारा नुवंथा ने उन्हें भी पगबाधा आउट कर दिया। इस समय भारत ए का स्कोर पांच विकेट पर 454 रन था और टीम को 84 रन की बढ़त मिल चुकी थी। इसके बाद टीम का लक्ष्य बढ़त को और मजबूत करना था।

सारांश जैन (नाबाद 68 रन) और औकिब नबी (30 रन) ने छठे विकेट के लिए 81 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर भारत ए की बढ़त को और मजबूत किया। चाय के बाद लगभग एक घंटे तक बारिश के कारण खेल रुका रहा, लेकिन उसके बाद दोनों बल्लेबाजों ने उपयोगी योगदान दिया। दिन के अंतिम चरण में कामचलाऊ स्पिनर सहान अराच्चिगे ने औकिब नबी को आउट कराया। नबी का कैच असांका मनोज ने लपका, लेकिन तब तक भारत ए मैच में मजबूत बढ़त हासिल कर चुका था।

# करण जौहर ने किया 'अल्फा' का रिव्यू, आलिया भट्ट की खुलकर थपथपाई पीठ, मगर शरवरी के नाम का जिक्र तक नहीं..

डेस्क जगप्रेरणा।

*यशराज फिल्म्स की स्पाई-थ्रिलर 'अल्फा' 3 जुलाई, 2026 को यानी इस शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर फिल्म में बॉबी देओल और अनिल कपूर भी अहम भूमिका में हैं।*



'अल्फा' यश राज फिल्म्स के 'स्पाई यूनिवर्स' की पहली महिला प्रधान फिल्म है, जिसके निर्देशक शिव रवैल हैं। लंबे समय से ये फिल्म चर्चा में थी और अब सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। जिस पर अब तक कई सेलेब्स प्रतिक्रिया दे चुके हैं और अब, आलिया भट्ट के गॉडफादर और बॉलीवुड डायरेक्टर-प्रोड्यूसर करण जौहर ने भी फिल्म का रिव्यू किया है। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा-चौड़ा नोट शेयर किया।

## करण जौहर ने आलिया के बारे में क्या कहा?

करण जौहर ने 'अल्फा' की तारीफकरते हुए एक पोस्ट शेयर किया और फिल्म को दर्शकों से मिले रिस्पॉन्स के लिए आलिया भट्ट की जमकर पीठ थपथपाई है। करण जौहर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किए नोट में लिखा था, 'जब सिनेमाघरों में दर्शकों का आना एक चुनौती माना जा रहा था, तब 'अल्फा' ने जबरदस्त शुरुआत की है! अल्फा की ये शुरुआत कई बातें बताती है... फैन ऑनलाइन नेगेटिविटी से कहीं ऊपर हैं और वे ही असली योद्धा हैं... आलिया भट्ट का स्टारडम, थिएटर तक दर्शकों को खींचने की क्षमता और उनका बेमिसाल टैलेंट, साथ ही बड़े पर्दे के अनुभव का असर - इन पर कोई शक नहीं किया जा सकता।'

## करण ने YRF की कोशिशों की तारीफ की..

करण जौहर ने आगे यशराज फिल्म्स की तारीफों के पुल बांधे। उन्होंने अपने पोस्ट में आगे लिखा, 'YRF लगातार फ्रैंचाइजी बना रहा है और थिएटर में दर्शकों को बड़े पैमाने पर फिल्मों का अनुभव देने की कोशिश कर रहा है, जिसके लिए हमें यशराज फिल्म्स की तारीफ करनी चाहिए, न कि नेगेटिविटी फैलानी चाहिए! इसलिए आराम से बैठिए और जश्न मनाइए कि सिनेमाघर फिर से जिंदा हो रहे हैं!!! जाइए और 'अल्फा' देखिए, और बेकार की नेगेटिव बातें पढ़ना बंद कीजिए!!'

## शरवरी वाघ का ज़िक्र तक नहीं..

जैसे ही करण जौहर ने 'अल्फा' की तारीफ करते पोस्ट साझा किया, नेटिजंस का ध्यान एक बात पर तुरंत चला गया और वो ये कि उन्होंने अपने पोस्ट में आलिया भट्ट की तो बहुत तारीफ की, लेकिन शरवरी वाघ के नाम का जिक्र तक नहीं किया। दरअसल, फिल्म में शरवरी ने आलिया के साथ बराबरी का काम किया है और फिल्म भी लगातार दोनों के नाम के साथ प्रमोट की जा रही थी। वहीं क्रिटिक्स ने भी फिल्म में शरवरी के काम की तारीफकी है और दर्शकों को भी उनकी परफॉर्मेंस काफी पसंद आई है। लेकिन, इन सबके बावजूद जिस तरह करण जौहर ने शरवरी और फिल्म के अन्य कलाकारों को दरकिनार कर दिया, उसे लेकर अब उन्हें निशाने पर लिया जा रहा है।


## बॉक्स ऑफिस पर कैसी रही अल्फा की ओपनिंग..

'अल्फा' के ओपनिंग डे कलेक्शन की बात करें, तो Sacnilk के डेटा के मुताबिक इसने पहले दिन 9.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। वहीं फिल्म के बजट की बात करें तो कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि फिल्म पर मेकर्स ने 100 करोड़ की रकम दांव पर लगाई है। लागत के हिसाब से फिल्म की ओपनिंग ठीकठाक मानी जा रही है, लेकिन अब सभी की नजर इसके आने वाले दिनों के कलेक्शन पर टिकी है, जो इसका भविष्य तय करेगा। फिल्म की कास्ट की बात करें तो इसमें आलिया भट्ट और शरवरी वाघ के साथ बॉबी देओल और अनिल कपूर भी अहम भूमिका में हैं।

# रणनीति पर अमल करें तो किसी भी टीम को हरा सकते हैंः भारतीय पुरूष हॉकी कोच फुल्टन..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*भारतीय पुरूष हॉकी टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन का मानना है कि अपनी रणनीति पर अमल करने पर भारत दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकता है। भारत ने एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक अभियान के आखिरी दौर में बेहतर प्रदर्शन किया।*



भारत ने यूरोप चरण में विश्व चैम्पियन जर्मनी और 2024 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीदरलैंड को हराया। वहीं दुनिया की तीसरे नंबर की टीम इंग्लैंड को कड़ी चुनौती दी। भारत नौ टीमों में आठवें स्थान पर पाकिस्तान से ऊपर रहा और 16 मैचों में 19 अंक हासिल किये।

फुल्टन ने कहा, 'इस प्रो लीग की सबसे सकारात्मक बात यह रही कि टीम का आत्मविश्वास बढा है । जर्मनी और नीदरलैंड पर मिली जीत और इंग्लैंड के खिलाफ करीबी मुकाबले से साबित हो गया है कि अपनी रणनीति पर डटे रहने पर हम दुनिया की किसी भी टीम को हरा सकते हैं।'

उन्होंने कहा, 'विश्व कप और एशियाई खेलों से पहले यह काफी महत्वपूर्ण है लेकिन हमें अपना प्रदर्शन बेहतर करना होगा और हर क्वार्टर में प्रदर्शन में निरंतरता बनाये रखनी होगी।' कोच ने कहा, 'अच्छी बात यह है कि यह टीम काफी परिपक्व हुई है। हमने दबाव में संयम बनाये रखा और अलग अलग शैलियों से खेलकर करीबी मुकाबले जीते। हमें इसी तरह के अनुभव की जरूरत थी। विश्व कप की तैयारी के लिये हमने सही नींव रख दी है।'

प्रो लीग के राउरकेला चरण में भारत को बेल्जियम और अर्जेंटीना ने हराया। इसके बाद होबार्ट में भारत को स्पेन से 0.2 से पराजय मिली लेकिन वापसी करते हुए भारत ने आस्ट्रेलिया को 2.2 से और स्पेन को 1.1 से ड्रॉ पर रोका। दोनों मैचों में हालांकि शूटआउट में भारतीय टीम हार गई। आखिरी मैच में भारत ने शूटआउट में आस्ट्रेलिया को 3.1 से हराया। होबार्ट में भारत ने चार मैचों में छह ही गोल गंवाये। यूरोप चरण में रोटरडम में भारत ने जर्मनी को 3.1 और नीदरलैंड को 3.2 से मात दी। भारत ने चार मैचों में नौ गोल किये जिनमें से पांच फील्ड गोल थे। लंदन में भारतीय टीम पाकिस्तान और इंग्लैंड के खिलाफ निर्धारित समय के भीतर चारों मैचों में अपराजेय रही।

कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, 'शीर्ष टीमों को हराना हमेशा खास होता है। इससे साबित होता है कि हमारी मेहनत रंग ला रही है । विश्व कप और एशियाई खेलों में यह काफी काम आयेगा।'

# 'लॉक अप 2' को मिला पहला वाइल्ड कार्ड, क्या 'भाबीजी' फेम शिल्पा शिंदे की होगी एंट्री? धमाका होगा डबल..

डेस्क जगप्रेरणा।

*लॉक अप सीजन 2 अपने प्रीमियर के बाद से ही चर्चा में है। सेलिब्रिटी कंटेस्टेंट्स के चौंकाने वाले खुलासों ने भी दर्शकों को शो से जोड़े रखा हुआ है, जहां दर्शक लॉक अप की ओरिजिनल होस्ट कंगना रनौत वाले*



'जनता की आवाज' एपिसोड का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं तो वहीं मेकर्स ने एक नई वाइल्ड कार्ड एंट्री लाने का भी फैसला किया है। हालांकि, अभी तक 'भाबीजी घर पर हैं' एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने इस बात की पुष्टि नहीं की है।

## शिल्पा शिंदे होगीं लॉक अप 2 की पहली वाइल्ड कार्ड..

सोशल मीडिया यूजर्स के अनुसार 'भाबीजी घर पर हैं' फेम शिल्पा शिंदे 'लॉक अपः सच या सजा' में पहले वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर एंट्री करने के लिए तैयार हैं। शिल्पा शिंदे लॉक अप सीजन 2 में पहली वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के तौर पर शामिल हो सकती हैं। शिल्पा की एंट्री को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है और दर्शक उनका गेम दूसरे कंटेस्टेंट्स के साथ देखने के लिए काफी एक्साइटेड हैं। अब यह देखना काफी दिलचस्प होगी कि लंबे समय से विवादों में घिरी रही शिल्पा शिंदे इस शो में क्या धमाका करती हैं।

## इस वजह से विवादों में थीं शिल्पा शिंदे..

शिल्पा शिंदे का यह साल विवादों से घिरा रहा है, जब उन्होंने भारती सिंह और हर्ष लिम्बाचिया के पॉडकास्ट पर यह बताया था कि 2016 में 'भाबीजी' के प्रोड्यूसर्स के खिलाफ उन्होंने जो यौन उत्पीड़न का केस दर्ज कराया था, वह झूठा था। शिल्पा ने पॉडकास्ट पर बतायाः 'उस समय मैंने अपने प्रोड्यूसर के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी, क्योंकि मुझे लगा कि मेरे पास कोई और रास्ता नहीं बचा है। पीछे मुड़कर देखने पर मुझे अब भी लगता है कि यह एक बहुत बड़ा कदम था। मेरे लिए सारे रास्ते बंद हो गए थे।'

## लॉक अप 2 में इन कंटेस्टेंट्स के बीच हो रहा मुकाबला..

'लॉक अपः सच या सजा' में सुनीता आहूजा, राम कपूर, शिवांगी जोशी, आकांक्षा चौधरी, हर्षद चोपड़ा, योगेश रावत, रियाज अली, धीरज धूपर, माधुरी ग्रोवर, श्रेया कालरा, आकांक्षा चमोला, श्रेष्ठा अय्यर, वरुण यादव, पामेला सेरेना और सूफी मोतीवाला जैसे कंटेस्टेंट शामिल हैं। ये सभी शो का विजेता बनाने के लिए एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।


प्रो.पियुष सिंह बैस
फ़ैशन की दुनिया में धमाका
फैशन फैक्ट्री
For Boys & Girls
टी शर्ट, स्पोर्ट्स ट्रेक सूट, वूडी, वॉच, बेल्ट, कैप, फैशनेबल मफलर, मंकी कैप, गॉगल्स (सन ग्लास), इरींग, चैन, की चैन, वॉलेट, परफ्यूम, फैंसी लायटर
दीप प्लाईवुड के बाजू में, महावीर चौक, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.), मो.8827333882

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433





दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

# सशक्त न्याय व विधिक सहायता..

***सशक्त न्याय का आशय एक निष्पक्ष और मजबूत व्यवस्था को संदर्भित करना है जहाँ बिना किसी भेदभाव के त्वरित और सुलभ न्याय सुनिश्चित हो, जो समानता और मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण हो । हमारा भारतीय संविधान सशक्त है जिसका उद्देश्य एक लोकतांत्रिक और न्यायपूर्ण समाज का निर्माण करना है। यह एक ऐसे समाज की नींव रखता है जहाँ पर प्रत्येक व्यक्ति जाति, धर्म, लिंग या आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना समान रूप से अपने अधिकारों का लाभ ले सके। हमारे भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों का प्रावधान है, जो हर एक प्रत्येक नागरिकों की बुनियादी स्वतंत्रता सुनिश्चित करते हुए समानता को कायम रखते हैं।***

हमारे ये मौलिक अधिकार व्यक्तियों की गरिमा की रक्षा और समावेशिता को बढ़ावा देकर सामाजिक न्याय की नींव को बनाये रखते हैं।राजनीतिक और सामाजिक विज्ञान के अनुसार सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय, राजनीतिक न्याय व कानूनी न्याय हैं। भारतीय संविधान में न्याय को बनाए रखने में न्यायपालिका की महत्वपूर्ण भूमिका है। न्यायपालिका के ऐतिहासिक निर्णयों ने संवैधानिक प्रावधानों की व्याख्याओं को आकार दिया है, जिससे प्रगतिशील सामाजिक परिवर्तन हुए हैं।

## विधिक सहायता का सामान्य अर्थ..

विधिक सहायता जो गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को कानूनी सलाह और वकील प्रदान करना ताकि न्याय तक सबकी पहुँच हो सके।विधिक सहायता की सुविधा महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति/जनजाति के सदस्यों और दुर्घटना पीड़ितों को प्रदान हो सकती है विधिक सहायता जिन लोगों के पास न्यायालय जाकर अपनी कानूनी समस्या को रखने के लिए धन नहीं हो, उन्हें कानूनी सहायता करना विधिक समता के लिए बहुत आवश्यक तत्त्व है।क्योंकि निर्धनता के कारण कोई न्याय न प्राप्त कर पाए तो विधिक समता का कोई अर्थ नहीं है।

कानूनी सहायता के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समाज के गरीब और कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता प्रदान की जाती है आर्थिक कमजोरी के कारण किसी भी भारतीय नागरिक को सशक्त न्याय से वंचित न रहना पड़े। इसके साथ ही यह लोक अदालत के जरिए भी आपसी सहमति से मामलों का जल्दी निपटारा करना है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा उचित न्याय के लिए सशक्त व सराहनीय कार्य किए जा रहे है।

जिला स्तर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य कार्य समाज के आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों, महिलाएँ, बच्चे, अनुसूचित जाति/जनजाति के लोग और दिव्यांग को सक्षम कानूनी सहायता प्रदान करना है ताकि न्याय तक सबकी पहुँच सुनिश्चित हो सके। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सामाजिक न्याय के लिए जागरूकता कार्यक्रम व विधिक जागरूकता अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन व कुशल संचालन होता है।

विधिक सहायता के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 लागू किया गया है। जो कि आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण किसी भी नागरिक को न्याय प्राप्त करने के अवसरों से वंचित न किया जाए तथा किसी भी भारतीय नागरिक को सशक्त न्याय से वंचित न रहना पड़े विधिक प्रणाली के संचालन को सुरक्षित करने और मध्यस्थता एवं अन्य गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए लोक-अदालतों का आयोजन किया जाए।

विधिक सेवा अधिनियम, 1987 की धारा-12 में ऐसे लोगों की कुछ श्रेणियां निर्धारित की गई हैं, जो निःशुल्क विधिक सहायता एवं सहायता प्राप्त करने के पात्र हैं। विधिक सेवा अधिनियम, 1987 के अनुसरण में मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। उक्त प्राधिकरण यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि

संवैधानिक प्रतिज्ञा को पूरा किया जाए तथा समाज के गरीब, वंचित एवं हाशिए पर पड़े वर्ग को समान व सशक्त न्याय उपलब्ध कराया जाए।

## भारत में विधिक सहायता के बारे में..

विधिक सहायता से तात्पर्य ऐसे व्यक्तियों कोकानूनी सेवाएंप्रदान करने से है, जो कानूनी प्रतिनिधित्व या न्याय प्रणाली तक पहुंच का खर्च वहन करने में असमर्थ हैं।

## विधिक सहायता के लिए संवैधानिक प्रावधान :

अनुच्छेद 21:इसमें प्रावधान किया गया है कि विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के अनुसार ही किसी व्यक्ति को उसके प्राण या दैहिक स्वतंत्रता से वंचितकिया जा सकता है अन्यथा नहीं।

अनुच्छेद 39-A: यह अनुच्छेद राज्य को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्देश देता है, ताकिकोई भी नागरिक आर्थिक या अन्य अभाव के कारण न्याय प्राप्त करने से वंचित न रहे।



**हिमांशु प्रकाश मुरकुटे**

# कर्ज पटाने के लिए कर्ज..

***जिस तरह जनकल्याण कारी योजनाओं के लिए, अधोसंरचना विकास के लिए अथवा अपने घोषणा पत्र अनुसार उल्लेखित बिंदुओं के क्रियान्वयन के लिए सरकारें किसी भी देश या प्रदेश की सरकारें अधिसूचित वित्तीय संस्थानों या बैंक से दीर्घ अवधि का कर्ज लेती हैं और निश्चित समय अवधि पर लिया गया कर्ज न चुका पाने पर पुनः ब्याज चुकाने कर्ज लेती हैं उसी प्रकार हमारे भी कुछ खास मित्र,***

या कुछ विशेष नागरिक गण ऐसे हैं जो सरकारों की तरह कर्ज पर कर्ज लेते रहते हैं। अर्थात पुराने कर्ज का ब्याज चुकाने पुनः नया कर्ज लेते रहने में उन्हें अति आनंद की अनुभूति होती है। उनसे हम कहते हैं 'भाई उतना ही पैर पसारिए जितनी चादर हो' तो वे हम पर नाराज होकर कहते हैं 'आपको क्यों तकलीफ होती है भाई साहब कर्ज तो हम ही ले रहे हैं चुका भी हम रहे हैं आप काहे को फटे में टांग फंसा रहे हैं।' तब हम उन्हें सच्चाई बताते हुए कहते हैं 'भाई साहब आप शायद यह भूल रहे हैं

कि बैंक के कर्ज इकरारनामे पर गारंटर बनकर हमने ही हस्ताक्षर किए हैं।' तुरंत पलट कर वे हमसे कहते हैं 'भाई साहब आखिर मित्र ही मित्र के काम आता है। पड़ोसी ही पड़ोसी के काम आता है। आपने गारंटर बनकर इकरारनामे पर हस्ताक्षर कर दिए तो कोई बहुत बड़ा एहसान कर दिए क्या भाई साहब ! हम कोई डिफाल्टर तो हैं नहीं जो कि बैंक आपसे वसूल करेगा।' हमने कहा काम निकल जाने पर ऐसा ही होता है भाई साहब ! खैर छोड़िए आपको शायद मेरा टोकना बुरा लगा ।तब उन्होंने कहा 'भाई साहब हमको तो आपने तुरंत टोक दिया किंतु सरकारों को टोकने की या कर्ज लेने से रोकने की किसी में हिम्मत नहीं है।कर्ज पर कर्ज लिए जा रहीं हैं अनेक सरकारें लगता है अपने कर्मचारियों अधिकारियों के वेतन भुगतान करने, पेंशन भुगतान करने, रिटायर्ड लोगों के विभिन्न बिल भुगतान करने हेतु पसीना आ रहा है सरकारों को । ऐसी कर्ज में लदी सरकारें कैसे विकास करेंगी भाई साहब !' हमने जवाब देते हुए कहा 'तुम सरकारों से अपनी तुलना क्यों कर रहे हो। सरकारों के पास बहुत से विकल्प हैं, बहुत सी योजनाएं हैं । बहुत से बैंक हैं, बहुत से वित्तीय सलाहकार हैं सब मिलजुलकर कोई न कोई जुगाड़ कोई न कोई रस्ता निकाल ही लेंगे।पर तेरा क्या होगा मेरे भाई !

सरकारी पैटर्न पर कर्ज पर कर्ज लेते रहेगा तो मरते दम तक चुका नहीं पाएगा। बाल बच्चों के भविष्य की तो सोच मेरे भाई !' तभी जोरदार अट्टहास के साथ भाई साहब बोले' भविष्य उज्जवल है बच्चों का भाई साहब, कर्ज भी निपट जाएगा, सरकारों की कृपा से व्यवस्थित मकान, व्यवस्थित दुकान और मजदूरी का भुगतान तो हो ही रहा है।घरवाली को भी बगैर किसी काम धाम के जेब खर्च मिल जाता है।बच्चा सरकारी स्कूल में मुफ्त में पढ़ लेता है मुफ्त में खा लेता है। हमने तो कर्ज लेकर एक चार पहिया वाहन का जुगाड भी कर लिए हैं भाई साहब। पांच साल तक यो बे फिक्र रहना है हमें पांच साल बाद या तो फिर कोई नई सरकार बनेगी या पुरानी सरकार फिर से चुनकर आ जाएगी। एक से बढ़कर एक मुफ्त योजनाएं लागू हो जाएगी भाई साहब ! सरकारें खुद ही हमारा पूरा कर्जा माफ़ करवा देगी भाई साहब ! आप टेंशन मत लो। हमारे खास नेता कहते हैं हमसे 'टेंशन लेने का नहीं टेंशन देने का काम करो भाई साहब !' इसलिए तो कर्ज पर कर्ज लेने में हमको कोई झिझक नहीं है, कोई असुविधा नहीं है। कोई चिंता नहीं है। सबका विश्वास सरकारों पर टिका है भाई साहब ! !' तब हमने कहा 'मान लो सरकार ने मुफ्त बांटने वाली योजना बंद कर दी तो !'


तो क्या होगा आप स्वयं होशियार हैं भाई साहब ! घोषणाएं घटीं तो समझिए सरकारें हटीं भाई साहब ! ! आजकल तो अनेक जगहों पर क्षेत्रीय दलों की सरकारें भी करिश्मा दिखाने मैदान में कूद जाती हैं भाई साहब ! एक से बढ़कर एक लुभाने वाली योजनाएं बनाने में वो कहीं भी राष्ट्रीय दलों से पीछे नही हैं भाई साहब क्षेत्रीय दलों को साथ देने में एक अलग ही आनंद है भाई साहब !' हमने कहा 'यार मेरे ! तुम्हारी दूर दृष्टि और पक्के इरादे को हम अच्छी तरह समझ गए हैं मित्र ! जो कर्ज लिए हो उसको पटाने फिर कर्ज लोगे और ऐशोआराम की जिंदगी जीते हुए दुबारा लिए कर्ज को माफ करवाने सरकारों को टेंशन दोगे।। वाह भाई वाह! गजब का दिमाग है आपका भाई साहब। आपके उज्जवल भविष्य और आने वाले अच्छे दिनों के लिए हमारी कोटि कोटि हार्दिक शुभकामनाएं भाई साहब !' तुरंत उन्होंने कहा 'भाई साहब ! कर्ज की चिंता छोड़ो तीर्थ दर्शन योजना में इस बुढ़ापे में कमसे कम मुफ्त की तीर्थ यात्रा का लाभ तो ले लीजिए।÷हमने कहा हम पेंशन भोगी हैं , आयकर की रेंज में भी आते हैं।' आप भी किस नियम की बात बता रहे हैं भाई साहब ! सब एडजस्टमेंट हो जायेगा, सब जुगाड करवा देंगे।आप तैयार तो हो जाइए, तीर्थ दर्शन करने की मानसिकता तो बना लिजिए । आगे हमारे खास लोग सब सेटिंग कर देंगे भाई साहब ! हमने कहा ठीक है जीवन साथी से सलाह लेकर बताते हैं आपको।' तो भाई साहब बोले इसमें लेना ही है तो जीवन साथी से अल्प अवधि के लिए कुछ कर्ज ले लीजिए भाई साहब ! सलाह तो हमसे अच्छी कोई दे ही नहीं सकता आपको।' हमने कहा 'अच्छा तो जय श्री राम जी की।।'

**प्रणय श्रीवास्तव 'अश्क'**

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 211



ck;s ls nk;s & 1) अखिल भारतीय कॉंग्रेस की वर्तमान अध्यक्षा 5) साधुओंद्वारा की जानेवाली एक घोषणा 10) इल्जाम 13) खोज 15) बारह राशियों में से एक 16) कागज पर लिखा हुआ मिटाने का एक साधन 18) फिल्म शोले का सुरमा भोपाली 20) अरब का वह स्थान जहां इमाम हुसैन मारे गए थे 22) अपरिचित 23) रत्न का अपभ्रंश 25) मृत्यू 26) त्रुटी और कमी 28) उचित 30) तैयार करना, रचना, मूर्ख ठहराना 31) ऋषियों या तपस्वीयों का निवास स्थान 32) एक सेर का सोलहवां भाग 33) अभिप्राय, विचार 34) सरोवर, जलाशय 36) पचानेवाला 37) असर 38) ललाट, मस्तक 39) आराम, सुख 40) पानी में उठी हुयी तरंग 42) इधर उधर की बातें करना 45) फिल्म अभिनेत्री करीना कपूर के पिता 47) बुरी आदत 49) पांच का एक चौथाई भाग 50) अशुद्ध, जो ठीक न हो 51) तुरन्त चुकाया जानेवाला रुपया पैसा 52) प्रस्थित 54) अचूक (उपाय) 55) दिया गया वचन 57) हालत 58) स्व. इंदिरा गांधींजी के एक पुत्र का नाम 59) 'वह' का विरुद्धार्थी शब्द 60) आलोचना करना अर्थवाला एक मुहावरा, नामकरण करना 63) अनुकरण करने योग्य व्यक्ति, कोई अनुकरणीय गुण 64) चतुराई, बुद्धिमानी, युक्ति 66) विवश 68) वल्ली, बेल 70) सुन्दर, मनोहर 72) कृत्रिम जलमार्ग 74) बुद्धि 76) हार 79) आक्रमण 82) मनुष्यता 84) बहुत घना, भीषण 86) बदनीयती 87) रामायण में सीता के पिता 88) जिले का प्रशासनिक दृष्टि से किए गए विभाग, तालुका 90) शत्रुता 91) सन की सुतली से बनाया गया या मोटा खुदरा कपड़ा 92) विष्णु पत्नी 93) नारी 94) यज्ञ, याग 95) बाकी रहना 96) बताना, कहना 98) घ्राणेन्द्रिय, नासिका 99) घंटी या घंटे की आवाज 103) जिसका बड़ा नाम हो, प्रसिद्ध 105) चिन्ह 106) इंजिनियर 107) हमला करनेवाला 109) सेना, फौज 110) उछलना, फांदना 111) पार्वती 113) सुकुमारी 114) केरल राज्य का लोकनृत्य 115) चार युगों में से तिसरा युग 116) अल्प, थोड़ा, निराला

Åij ls uhps & 1) चन्द्रमा, सप्ताह का एक दिन 2) कमरे आदि से बाहर आना 3) मित्र, दोस्त 4) धैर्य 5) अरब देश की भाषा 6) जोखीमभरा 7) बहलाव 8) विश्व, सृष्टी 9) पुरानी फिल्म आशिकी की संगीतकार जोड़ी 11) मनाई, अटकाव 12) सुरक्षा के दृष्टि से किले की सीमा पर बनाई गयी दीवार 13) विवाह विच्छेद 14) शैतानी 17) तैयार होना 19) उत्कृष्ट, मुख्य, पहिला 21) कायम 22) दुर्बल स्त्री 24) पेड़ का धड़ 27) सपाट 28) उत्तर प्रदेश का एक शहर जहां देश का सबसे बड़ा रेल यार्ड है 29) एक तार वाद्य 30) लड़कपन, बाल्यावस्था 31) कृतज्ञता व्यक्त करना, धन्यवाद देना 32) द्रव आदि का बर्तन से ऊपर उठकर बाहर आना 35) बाजू, काख 36) जाल, फंदा, फांस 38) बोझा ढोनेवाला 41) जयपुर की एक दर्शनीय इमारत 43) नाव का वह अंग या पुरजा जो नाव के पीछे की ओर लगा होता है 44) अनिष्टचिंतन 46) धैर्य 48) खड्ग 50) गिनती 53) जली हुई लकड़ी का वह भाग जो पूरी तरह से राख न हुआ हो 56) प्रविष्ट 58) सन्तान, पुत्र–पुत्री 61) रोगी 62) निकम्मा, अयोग्य 64) मृग 65) ममत्व, अपनापन, मां का स्नेह 67) वह कांड जिसपर लालूप्रसाद यादव पर आरोप है 69) वातावरण का तापमान गिनने का यंत्र 71) विष्ठा, गंदगी 73) रेल या बस स्टैन्ड पर बोझा ढोनेवाला 75) सुबह 77) राजा की पत्नी 78) यज्ञ याग आयोजित करनेवाला 80) शरीर 81) दया 83) वन में घुमनेवाला 84) शादी करना 85) किसी शब्द या वाक्य को बारबार याद करना 89) पढ़ना, ज्ञान प्राप्त करना 92) किसी शब्द का बार बार उच्चारण करना 95) मेवे में शामिल एक फल 97) गीला 98) चक्रमध्य, पहिये का बिचला भाग, तोंदी 100) वृक्ष की बहुत पतली शाखा 101) वंदन 102) दौड़नेवाला 104) उदासी 105) सम्मान 106) हड्डी 108) एक प्राचीनकालीन वाहन 110) कुआं 111) हृदय, वक्ष 112) फुलों का हार (जबाब अगले अंक में)

## पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा

# व्यापार समाचार



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

## मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाएं खिलौना उद्योग: गोयल..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को घरेलू खिलौना उद्योग से कहा कि वे विभिन्न देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौतों का लाभ उठाएं, टिकाऊ विनिर्माण के तौर-तरीके अपनाएं और अगले छह साल में वैश्विक खिलौना बाजार में पांच प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने का लक्ष्य रखें।***

गोयल ने यहां 17वीं 'टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी' प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए उद्योग जगत को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य मुश्किल नहीं है और उद्योग को वैश्विक स्तर पर मुकाबला करने की क्षमता बढ़ाने के लिए गुणवत्ता और आधुनिक विनिर्माण के तरीकों पर ध्यान देना चाहिए।

वैश्विक खिलौना उद्योग लगभग 120 अरब डॉलर का होने का अनुमान है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी सिर्फ0.3 प्रतिशत है। भारत का घरेलू खिलौना बाजार लगभग 18,000 करोड़ रुपये का है, जिसमें आयातित खिलौनों की हिस्सेदारी केवल 2,500-3,000 करोड़ रुपये है।

उन्होंने कहा, ''पांच प्रतिशत का लक्ष्य मुश्किल नहीं है, हम इसे हासिल कर सकते हैं। इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा।''

गोयल ने यह भी कहा कि ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते इस क्षेत्र के लिए निर्यात का एक बड़ा बाजार खोलेंगे।



उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि उद्योग आने वाले वर्षों में अपने निर्यात को दस गुना बढ़ाए। वर्ष 2024 में भारत का खिलौना निर्यात 34 करोड़ डॉलर रहा था।

मंत्री ने उद्योग को भरोसा दिलाया कि सरकार देश भर में खिलौना बनाने वाले संकुल में आधुनिक परीक्षण सुविधाएं स्थापित करेगी। यह काम भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), राष्ट्रीय परीक्षण शाला और अन्य सरकारी तथा अर्द्ध-सरकारी परीक्षण सुविधाओं के जरिए किया जाएगा।

गोयल ने विभिन्न देशों के साथ अंतिम रूप दिये गये नौ मुक्त व्यापार समझौतों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन समझौतों से विकसित और उच्च आय वाले बाजारों तक पहुंच मिलती है, जहां उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों को बेहतर मूल्य मिल सकता है। गोयल ने विनिर्माताओं से कहा कि वे दुनिया भर में, खासकर भारत के नौ एफ्टीए में शामिल 38 देशों में व्यापार प्रतिनिधिमंडल भेजें। उन्होंने खिलौने बनाने में इस्तेमाल होने वाले मोटर, इलेक्ट्रॉनिक्स, डाइज और मोल्ड्स के उत्पादन में घरेलू क्षमताएं विकसित करने की भी बात कही।

गोयल ने कहा कि आत्मनिर्भर परिवेश और बड़े पैमाने पर उत्पादन से प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ेगी और लागत कम होगी।

मंत्री ने उद्योग प्रतिनिधियों को यह भी बताया कि खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के देशों, मेक्सिको, ब्राजील और कनाडा के साथ एफ्टीए में इस साल के अंत तक प्रगति होने की उम्मीद है। इससे भारतीय निर्यातकों के लिए और मौके खुलेंगे। गोयल ने गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के मुद्दे पर गुणवत्ता मानक बनाए रखने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और उद्योग को अनुचित आयात और डंपिंग से सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

उन्होंने कहा कि ऐसी चुनौतियों का सामना कर रहे विनिर्माता समय पर मदद और समर्थन के लिए व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर), उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) या संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। 'टॉय एसोसिएशन ऑफइंडिया' द्वारा आयोजित इस प्रदर्शनी में 400 से अधिक 'मेड-इन-इंडिया' खिलौना ब्रांड, 15,000 से ज्यादा व्यापारी, 50 से अधिक देशों के प्रतिभागी और खिलौना विनिर्माण परिवेश से जुड़े पक्ष शामिल हुए हैं।

## सरकार ने प्याज खरीद कीमत 13 प्रतिशत बढ़ाकर 2,125 रुपये प्रति क्विंटल की..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***सरकार ने बफर स्टॉक के लिए प्याज खरीद की कीमत 13 प्रतिशत बढ़ाकर 2,125 रुपये प्रति क्विंटल कर दी है। इसका मकसद खरीद बढ़ाना और किसानों को बेहतर रिटर्न उपलब्ध कराना है। इससे पहले बफर स्टॉक के लिए प्याज की कीमत 1,875 रुपये प्रति क्विंटल थी।***



एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, नई दरें आज यानी चार जुलाई (2026) से ही प्रभावी हो गई हैं। यह इस सत्र में खरीद कीमत में पांचवीं बढ़ोतरी है, क्योंकि कीमत स्थिरीकरण कोष के तहत 2026 के बफर स्टॉक के लिए सरकार की प्याज खरीद की शुरुआत धीमी रही है।

खरीद की कीमत में बार-बार बढ़ोतरी के बावजूद एक जून से अब तक केवल 2,000 टन प्याज ही खरीदी गई है। सत्र शुरू होने के बाद से खरीद की कीमत तेजी से बढ़ी है। यह 12.70 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 22 मई को 15.80 रुपये प्रति किलो हो गयी। वहीं 13 जून को 16.50 रुपये प्रति किलो, 20 जून को 17.30 रुपये प्रति किलो और उसके बाद 18.75 रुपये प्रति किलो पहुंच गई। अब इसे बढ़ाकर 21.25 रुपये किलो (2,125 रुपये क्विंटल) कर दिया गया है। कृषि और किसान कल्याण विभाग के 2025-26 के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, प्याज का उत्पादन 307.37 लाख टन रहने का अनुमान है, जो 2024-25 के 307.67 लाख टन के लगभग बराबर है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि इस समय कुल उपलब्धता कोई चिंता का विषय नहीं है। हालांकि सामान्य मौसमी रुख के अनुसार कीमतें थोड़ी बढ़ सकती हैं। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात में भंडार का स्तर पर्याप्त बना हुआ है और जमा किए गए प्याज के भंडार में कमी का कोई संकेत नहीं है।

अखिल भारतीय स्तर पर मंडियों में दैनिक आधार पर आवक 50,000 टन से अधिक रही है। इसमें अकेले महाराष्ट्र से 30,000 टन से अधिक आवक हुई और औसत मॉडल कीमत लगभग 18 रुपये किलो रही। अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत 31 रुपये किलो है। बेहतर गुणवत्ता वाले भंडार को अभी भी स्टोर में रखा जा रहा है और ऐसी संभावना है कि उन्हें कम आपूर्ति वाले समय में बाजार में लाया जाएगा। मानसून में देरी और कुछ इलाकों में सामान्य से कम बारिश की वजह से कुछ कारोबारियों ने सट्टेबाजी के लिए खरीद शुरू कर दी है। वहीं मौजूदा कीमतों पर मुख्य खपत वाले केंद्रों में असल मांग अभी भी कम बनी हुई है।

नासिक और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों जैसे उत्पादन केंद्रों में सट्टेबाजी वाली कारोबारी गतिविधियां देखी जा रही हैं। प्याज का निर्यात जून में सामान्य रहा और माह के दौरान लगभग 1.50 लाख टन प्याज बाहर भेजा गया। हालांकि, कारोबारियों को उम्मीद है कि जल्द ही निर्यात की रफ्तार धीमी हो सकती है, क्योंकि पाकिस्तान और चीन से आने वाली सस्ती और ताजी फसलें खाड़ी देशों, श्रीलंका और सुदूर पूर्व जैसे महत्वपूर्ण बाजारों में भारतीय प्याज को कड़ी प्रतिस्पर्धा दे रही हैं।

झबुवाई को देखें तो महाराष्ट्र के नासिक इलाके में खरीफकी बुवाई में लगभग 15 दिनों की देरी हुई है। वहीं कर्नाटक के चित्रदुर्ग और चल्लाकेरे क्षेत्र में बुवाई का काम सामान्य स्तर के मुकाबले लगभग 60 प्रतिशत ही हो पाया है।

## भारत-इजराइल द्विपक्षीय निवेश समझौता प्रभाव में आया

नई दिल्ली, (भाषा)।

***भारत और इजराइल के बीच द्विपक्षीय निवेश समझौता (बीआईए) शनिवार से प्रभावी हो गया। वित्त मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि इस समझौते से दोनों देशों के बीच निवेश के लिए एक सुरक्षित और***



भरोसेमंद माहौल सुनिश्चित होगा और द्विपक्षीय आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे। मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह द्विपक्षीय निवेश समझौता (बीआईए) एक तरफजहां निवेश और निवेशकों को पूरी सुरक्षा देता है, वहीं दूसरी तरफ देश के हितों से जुड़े फैसलों के लिए सरकार को जरूरी नीतिगत छूट भी प्रदान करता है। यह समझौता अंतरराष्ट्रीय निवेश कानून के आधुनिक नियमों और बदलते कानूनी दृष्टिकोण के बिल्कुल अनुकूल है।

बयान में कहा गया कहा कि भारत और इजराइल ने आठ सितंबर, 2025 को नयी दिल्ली में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जो चार जुलाई, 2026 से प्रभावी हो गया है।

समझौते के तहत भारत ने इजराइली निवेशकों के लिए स्थानीय कानूनी उपायों (लोकल रेमेडीज) अपनाने की अनिवार्य अवधि को घटाकर तीन वर्ष कर दिया है।

'लोकल रेमेडीज' का अर्थ है कि किसी विवाद की स्थिति में निवेशकों को पहले मेजबान देश की कानूनी प्रणाली के माध्यम से समाधान का प्रयास करना होता है। उसके बाद ही वे अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का सहारा ले सकते हैं। सामान्यतः भारत इस अवधि को पांच वर्ष रखता है।

भारत-इजराइल बीआईए में पहली बार पोर्टफोलियो निवेश को भी शामिल किया गया है, जो पहले ऐसे समझौतों से अलग प्रावधान है। इजराइल ओईसीडी (आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन) का पहला सदस्य देश है जिसके साथ भारत ने ऐसा समझौता किया है।

आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने इस समझौते पर टिप्पणी करते हुए कहा कि 2015 के मॉडल टेक्ट्स संधि में पोर्टफोलियो निवेश को शामिल नहीं किया गया था, जबकि इजराइल के साथ हुए समझौते में शेयर अन्य इक्विटी होल्डिंग्स के साथ-साथ योग्य बॉन्ड, ऋण और अन्य कॉरपोरेट कर्ज शामिल हैं। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ''इससे भारत की निवेशक-राज्य विवादों के प्रति जोखिम क्षमता बढ़ सकती है, जो अब तक मुख्य रूप से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) तक सीमित थी।'' उन्होंने कहा कि इजराइल समझौता निवेशकों को घरेलू कानूनी उपाय अपनाने के बाद तीन वर्ष में अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की अनुमति देता है, जबकि भारत के 2015 मॉडल बीआईटी और बाद के कई समझौतों में यह अवधि पांच वर्ष है।

श्रीवास्तव ने कहा कि यूएई और इजरायल के साथ हुए ये समझौते दर्शाते हैं कि भारत निवेशकों को अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता तक तेज पहुंच दे रहा है।

## हरियाणा तेजी से व्यापार, स्टार्टअप केंद्र के तौर पर उभर रहा: मुख्यमंत्री सैनी..

चंडीगढ़, (भाषा)।

***मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को कहा कि हरियाणा तेजी से व्यापार, स्टार्टअप और नवोन्मेष के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर उभर रहा है। सैनी ने पंचकूला में सीए छात्रों के लिए आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन 'प्रज्ञान 2026' को संबोधित करते हुए कहा कि***

कारोबार सुगमता को बेहतर बनाने और युवाओं के लिए अवसरों के नए रास्ते खोलने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। हर महीने रिकॉर्ड माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह देश की बढ़ती आर्थिक मजबूती को बताता है।

सैनी ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) ने कर प्रणाली को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जो प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत की आर्थिक रूपरेखा का खाका और नींव उनके जैसे युवा पेशेवर ही तैयार करेंगे। चार्टर्ड अकाउंटेंसी एक कठिन अकादमिक और पेशेवर सफर है। इसके लिए समर्पण, दृढ़ता और अटूट प्रतिबद्धता की जरूरत होती है।



उन्होंने देश के अलग-अलग राज्यों से आए छात्रों से कहा कि हरियाणा नए व्यापार और स्टार्टअप के लिए तेजी से एक प्रमुख केंद्र के तौर पर उभर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां व्यापार करने की प्रक्रिया को आसान बनाने और उनके जैसे युवाओं के लिए अवसरों के व्यापक रास्ते खोलने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी की दुनिया तेजी से बदल रही है और कृत्रिम मेधा (एआई) सभी क्षेत्र में चर्चा का एक महत्वपूर्ण विषय बन गया है। सैनी ने कहा कि भले ही कुछ लोगों को डर है कि एआई से चार्टर्ड अकाउंटेंट की नौकरियों पर खतरा हो सकता है, लेकिन उन्हें पूरा भरोसा है कि कोई भी एआई प्रणाली या कंप्यूटर सॉफ्टवेयर कभी भी इंसानी समझ, अनुभव और फैसला लेने की क्षमता की जगह नहीं ले सकता।

उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी कामों को आसान बना सकती है और आंकड़ों को अधिक कुशलता से प्रसंस्कृत कर सकती है, लेकिन यह किसी पेशेवर की नैतिकता, ईमानदारी या मानवीय नजरिए की नकल नहीं कर सकती।

## बीएलएस ने बीते वित्त वर्ष लगाए 10,000 से अधिक माइक्रो एटीएम, 5,217 करोड़ रुपये के हुए लेन-देन

नई दिल्ली, (भाषा)।

***डिजिटल सेवाएं देने वाली बीएलएस ई-सर्विसेज ने वित्त वर्ष 2025-26 में देशभर में 10,493 माइक्रो एटीएम लगाये जाने की घोषणा की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इससे दूरदराज के गांवों***



और कस्बों में लोगों को बैंक शाखा में गए बिना बैंकिंग सेवाएं प्राप्त करने में मदद मिल रही है। माइक्रो एटीएम के माध्यम से 69.75 लाख लेन-देन किए जा चुके हैं, जिनका कुल मूल्य 5,217 करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स (बीसी) यानी बैंक प्रतिनिधि के माध्यम से संचालित ये माइक्रो एटीएम अंतिम छोर तक बैंकिंग सेवाएं पहुंचाने का एक प्रमुख माध्यम बन गए हैं। इनके जरिए नकद निकासी, नकद जमा, बैलेंस जांच, मिनी स्टेटमेंट, धन हस्तांतरण और पिन जनरेशन जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहां बैंकिंग सुविधाएं सीमित हैं। बीएलएस इंटरनेशनल की अनुषंगी कंपनी बीएलएस ई-सर्विसेज के अनुसार, माइक्रो एटीएम के माध्यम से अब तक 69.75 लाख से अधिक लेन-देन किए जा चुके हैं। इनका कुल मूल्य 5,217 करोड़ रुपये से अधिक रहा है। इससे बैंकिंग सुविधाओं से वंचित गांवों और दूसरे क्षेत्रों में इन सेवाओं के व्यापक उपयोग का संकेत मिलता है।

बीएलएस ई-सर्विसेज के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) लोकनाथ पांडा ने कहा कि माइक्रो एटीएम उन क्षेत्रों में नागरिकों और बैंकिंग प्रणाली के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी बन गए हैं, जहां बैंक शाखाएं या एटीएम जैसी सुविधाएं सीमित हैं।

उन्होंने कहा कि इनका व्यापक उपयोग यह दर्शाता है कि सुरक्षित, कम लागत वाली और तकनीक आधारित सेवाएं वित्तीय समावेश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कंपनी अबतक 11,000 से अधिक माइक्रो एटीएम लगा चुकी है।

## शोभा लि. की बिक्री बुकिंग 76 प्रतिशत बढ़कर 3,656 करोड़ रुपये पर..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***रियल एस्टेट कंपनी शोभा लि. की बिक्री बुकिंग चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 76 प्रतिशत बढ़कर 3,656.1 करोड़ रुपये रही। घरों की अच्छी मांग के कारण कंपनी की बिक्री बुकिंग बढ़ी है।***

पिछले साल इसी अवधि में इसकी बिक्री बुकिंग 2,078.8 करोड़ रुपये थी। बेंगलुरु की शोभा लिमिटेड ने अपने परिचालन के बारे में दी सूचना में कहा कि कंपनी ने जून तिमाही के दौरान 3,656 करोड़ रुपये की बिक्री हासिल की। यह किसी एक तिमाही में अबतक की सबसे अधिक बिक्री है।

कंपनी ने 1,432 घर और प्लॉट बेचे, जिनका कुल क्षेत्र 23.4 लाख वर्ग फुट था। कंपनी ने जून तिमाही के दौरान बेंगलुरु और गुरुग्राम में तीन परियोजनाएं पेश की। इसमें 68.9 लाख वर्ग फुट का बिक्री योग्य क्षेत्र है। कंपनी ने बीते वित्त वर्ष 8,135.9 करोड़ रुपये के मकान और भूखंड बेचे थे।

### व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट, गोंदिया एवं सिवनी में एक साथ प्रसारित दैनिक 'जगप्रेरणा' अब व्हाट्स अप पर भी उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचाने के लिये जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को अपने किसी भी ग्रुप में जोड़ें और स्वयं और अन्य लोगों को भी ताजा एवं महत्वपूर्ण खबरों से जोड़ें।*

## इंडियन पोटाश ने गन्ने की टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने को यूपीएल की इकाई के साथ किया समझौता..

नई दिल्ली, (भाषा)।

***उर्वरक क्षेत्र की कंपनी इंडियन पोटाश लि. (आईपीएल) ने गुजरात के कोडीनार में गन्ना उत्पादन और पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषि रसायन कंपनी यूपीएल लि. की इकाई***



'यूपीएल सस्टेनेबल एग्री सॉल्यूशंस लि.' के साथ एक समझौता किया है। एक बयान के अनुसार, यूपीएल सस्टेनेबल एग्री सॉल्यूशंस लिमिटेड (यूपीएल एसएएस) और इंडियन पोटाश लि. (आईपीएल) ने गुजरात में आईपीएल की कोडीनार शुगर मिल के आसपास के इलाकों में गन्ना उत्पादन बढ़ाने, पर्यावरण अनुकूल खेती को बढ़ावा देने और किसानों की आय को बढ़ाने के लिए तीन साल के सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस साझेदारी के तहत लगभग 2,000 एकड़ गन्ना उत्पादन क्षेत्र में मिट्टी की गुणवत्ता को सुधारने और जैव विविधता को बढ़ाने के उपाय किए जाएंगे। साथ ही उन्नत कृषि तकनीकों, पोषण प्रबंधन, फसल सुरक्षा, डिजिटल सेवाओं और किसानों की क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य गन्ने की उत्पादकता में कम से कम 15 प्रतिशत की वृद्धि करना है। समझौते के तहत किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण और परामर्श भी दिया जाएगा।

आईपीएल के मुख्य कृषि वैज्ञानिक यू एस तेवतिया ने कहा कि कंपनी नवोन्मेषी और पर्यावरण अनुकूल कृषि समाधानों के जरिए किसानों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा, ÷यूपीएल के साथ यह साझेदारी किसानों के साथ जुड़ने की हमारी कोशिशों को मजबूत करने, गन्ने की उपज बढ़ाने और हमारे कोडीनार शुगर मिल की वृद्धि और प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने में योगदान देने में मदद करेगी।÷

यूपीएल एसएएस के 'सस्टेनेबिलिटी' मामलों के प्रमुख हर्षल सोनावणे ने कहा कि यह पहल विज्ञान आधारित कृषि, डिजिटल तकनीक और किसान-केंद्रित समाधानों के जरिए अधिक लाभकारी और जलवायु-अनुकूल गन्ना मूल्य श्रृंखला विकसित करने की दिशा में अहम कदम है। इस साझेदारी से गन्ने की उपलब्धता बढ़ने, संसाधनों की बचत, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी और किसानों की आय में वृद्धि की उम्मीद है।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# व्यस्तम लांजी-आमगांव मार्ग के कारंजा पुलिया में दरारे व अप्रोच रोड का नहीं हुआ जीर्णोद्धार..

## बारिश में विभाग और जिम्मेदारों को दुर्घटना का इंतजार





जगप्रेरणा लांजी।

***जिला मुख्यालय में 3 जुलाई को कलेक्टर मृणाल मीना निर्माण विभागों को बारिश के दौरान पुल.पुलियों की निगरानी, नियमित निरीक्षण और गुणवत्ता को लेकर सख्त हिदायतें दे रहे थे, लेकिन विडंबना देखिए कि उसी दिन,***

उन निर्देशों से कुछ घंटे पहले ही लांजी-आमगांव मार्ग स्थित कारंजा पुलिया के समीप सड़क धंसने और गहरे गड्ढे बनने की घटना सामने आ चुकी थी। अब देखने वाली बात यह होगी कि जिम्मेदार अधिकारी कलेक्टर के सामने अपनी निष्क्रियता का कौन-सा तर्क रखेंगे और उन ग्रामीणों को क्या जवाब देंगे, जो रोज इसी रास्ते से जान जोखिम में डालकर गुजर रहे हैं। यह घटनाक्रम किसी एक दिन की अनदेखी का परिणाम नहीं है। लगभग पंद्रह दिन पहले इसी मार्ग पर इसी निर्माण एजेंसी द्वारा बनाए गए दूसरे पुल की एप्रोच सड़क में दरारें, धंसाव और पुल.सड़क जोड़ पर आई खामियों को मीडिया ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। उस समय संकेत साफ थे कि यदि पूरे मार्ग का तकनीकी परीक्षण नहीं कराया गया तो अगली बारिश में स्थिति और बिगड़ेगी। लेकिन जिम्मेदार अमले ने खतरे को दस्तावेज़ों में दबाए रखना ज्यादा आसान समझा। नतीजा यह हुआ कि पहली तेज बारिश ने विभागीय दावों की पूरी परत उधेड़ दी। वहीं एप्रोच रोड पर गड्ढा उभर आने से नाराज क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि पूरे मार्ग का स्वतंत्र तकनीकी ऑडिट कराया जाए, निर्माण एजेंसी की जवाबदेही तय की जाए और निगरानी में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों की भी जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। आखिर करोड़ों रुपये की परियोजनाओं का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित रास्ता देना है, न कि हर मानसून में नए खतरे गिनाना।

### पहले नुकसान होने दो, फिर मरम्मत का प्रस्ताव बनाओ..

सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि समाचार प्रकाशित होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौके तक नहीं पहुंचे। ऐसा लगा मानो निरीक्षण की जरूरत तब महसूस होगी, जब कोई वाहन गड्ढे में समा जाएगा या कोई बड़ी दुर्घटना प्रशासन को जगाने का काम करेगी। विभाग की कार्यशैली फिर उसी पुरानी सोच पर टिक गई दिखाई देती है-पहले नुकसान होने दोए फिर मरम्मत का प्रस्ताव बनाओ। कारंजा पुलिया कोई ग्रामीण पगडंडी नहीं, बल्कि लांजी-आमगांव का प्रमुख संपर्क मार्ग है।

रोजाना सैकड़ों वाहन यहां से गुजरते हैं। ऐसे मार्ग पर पहली ही बारिश में सड़क का बैठ जाना यह बताने के लिए काफी है कि निर्माण के समय गुणवत्ता नियंत्रण किस स्तर पर किया गया होगा। यदि करोड़ों रुपये खर्च होने के बाद भी सड़क एक मानसून का दबाव नहीं झेल पा रही, तो केवल गड्ढे भर देने से वास्तविकता नहीं बदलेगी।

### एप्रोच रोड का दरकना निर्माण गुणवत्ता की निरंतर विफलता का संकेत

निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली भी अब कठघरे के केंद्र में है। जिस कंपनी को करोड़ों रुपये की परियोजना सौंपी गईए उसी के निर्माण कार्य बार.बार मरम्मत की मांग कर रहे हैं। पहले एक पुल की एप्रोच सड़क धंसी, फिर दूसरे हिस्से में दरारें उभरीं और अब कारंजा पुलिया के समीप सड़क बैठने लगी। यह सिलसिला किसी संयोग का नहीं, बल्कि निर्माण गुणवत्ता की निरंतर विफलता का संकेत देता है। कलेक्टर ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्यों में लापरवाही करने वाले ठेकेदारों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए और पुल-पुलियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि ये निर्देश फाइलों तक सीमित रहते हैं या वास्तव में मौके पर उतरकर जिम्मेदारी तय की जाती है। क्योंकि यदि चेतावनी, समाचार और खामियां-तीनों के बाद भी विभाग की सक्रियता दिखाई नहीं देती, तो यह केवल एक सड़क का मामला नहीं, बल्कि निगरानी व्यवस्था की कार्य संस्कृति का आईना है।

### बोले एसडीओ अर्जुन सनोडिया..

हाल ही में निर्माण एजेंसी द्वारा दूसरे पुल की एप्रोच रोड में सुधार कार्य किया गया था परंतु 15 दिनों में ही दूसरे पुल की सड़क पर गड्ढा होना चिंताजनक है। पुल और एप्रोच सड़क की देखरेख की जिम्मेदारी फिलहाल निर्माण कंपनी की ही है। शीघ्र ही संबंधित एजेंसी को आवश्यक मरम्मत कार्य कराने के निर्देश दिए जाएंगे।

# उड़ान समूह का प्रेरणादायी कार्य,भरत टोला के विद्यार्थियों को स्कूल बैग व अन्य सामग्री का किया वितरण..




जगप्रेरणा लांजी।

***शिक्षा को बढ़ावा देने और जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने के उद्देश्य से सहयोग मल्टी स्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी, शाखा लांजी के उड़ान समूह द्वारा ग्राम कारंजा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला भरतटोला में अध्ययनरत विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया।***

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं अन्य सामग्री प्रदान की गई। सामग्री प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की सबसे मजबूत नींव है। आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य निरंतर किए जाते रहेंगे।

कार्यक्रम में सहयोग हॉस्पिटल की श्रीमती शीतल जयेशचंद्र रमादे, पूजा सोनटक्के, राम चौहान, मनीष शेन्डे, ओमेश्वरी हरिनखेड़े, सुनील हरिनखेड़े, अविनाश फुंडे, प्रफुल ऊके, शैलेन्द्र वानखेड़े, बीडीओ, बीडीई, विद्यालय के शिक्षक रामदास लिल्हारे, ग्राम के उपसरपंच निलेश शिवनकर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन में विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों ने सहयोग मल्टी स्टेट क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी, शाखा लांजी तथा उड़ान समूह द्वारा किए गए इस जनहितकारी एवं प्रेरणादायी कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक प्रयास निरंतर जारी रखने की अपेक्षा व्यक्त की।






# सबको प्यार, सबकी सेवा जीयो और जीने दो के भाव से महावीर इंटरनेशनल ने मनाया 52 वा स्थापना दिवस..







जगप्रेरणा लांजी।

***महावीर इंटरनेशनल महाकौशल जोन रीजन-9 केंद्र द्वारा 4 जुलाई को संस्था का 52वाँ स्थापना दिवस सेवा, संस्कार और जनजागरण के विविध कार्यक्रमों के साथ मनाया गया।***

संस्था के मूल मंत्र सबको प्यार, सबकी सेवा - जियो और जीने दो को साकार करते हुए 1 जुलाई से 14 जुलाई 2026 तक महावीर इंटरनेशनल सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जाएंगी। स्थापना दिवस के अवसर पर स्कूलों एवं कोचिंग संस्थानों में जागरूकता अभियान, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता तथा विद्यार्थियों को महावीर इंटरनेशनल की 52 वर्षों की सेवा यात्रा और सामाजिक गतिविधियों से परिचित कराने के कार्यक्रम आयोजित किए गए।


साथ ही परिवार संस्कार, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़े के दौरान गांव-गांव भ्रमण कर महावीर संदेश अभियान, निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर, 'शकुन की छांव' अभियान के अंतर्गत जरूरतमंदों को छतरियों का वितरण, रक्तदान शिविर, पौधारोपण, 'कपड़े की थैली मेरी सहेली' अभियान, योग शिविर, निःशुल्क कोचिंग एवं करियर मार्गदर्शन, महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरण एवं स्वास्थ्य जागरूकता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसी क्रम में भानेगांव स्थित अल्फा पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों के लिए सेवा एवं उच्च शिक्षा विषयक सेमिनार आयोजित किया गया। वहीं पी-1 एजुकेशन एकेडमी में योग प्रशिक्षण एवं सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन हुआ। विवेक मंदिर स्कूल में भी विद्यार्थियों के साथ स्थापना दिवस मनाते हुए उन्हें सेवा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान झनकार किरनापुरे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता के लिए लक्ष्य पर एकाग्रता, नियमित अध्ययन, योग और अच्छे संस्कार अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से बुरी आदतों से दूर रहकर परिवार एवं शिक्षकों का सम्मान करने और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया।

इस अवसर पर गुलाबचंद खोबरागड़े, लक्की मेहरकर, इंद्रकुमार भूते राजा, प्रमोद नखाते, धनेश दुर्गकर, अरशद खान, नंदकिशोर बिलावर, आंचल कालबेले, दादू नकतोडे, प्रदीप अग्रवाल, फणींद्र दुरुगकर सहित महावीर इंटरनेशनल लांजी केंद्र के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# कारंजा- परसोडी मार्ग की हालत जर्जर, जिम्मेदार कर रहे दुर्घटना का इंतजार..






जगप्रेरणा लांजी।

***बाला साहेब देवरस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कारंजा के सामने से गुजरने वाली कारंजा-परसोड़ी सड़क इन दिनों पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है।***

लगातार हो रही बारिश और ग्राम पंचायत द्वारा हाल में की गई खुदाई ने सड़क की स्थिति को और भी बदतर बना दिया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, सड़क पहले से ही खस्ताहाल थी, लेकिन ग्राम पंचायत कारंजा द्वारा स्कूल से मात्र 100 मीटर की दूरी तक जेसीबी से कच्ची नाली खोदकर निकाली गई मिट्टी को सड़क किनारे डाल दिया गया। इस मिट्टी के सड़क पर फैल जाने और लगातार बारिश के कारण बड़े-बड़े गड्ढों में पानी व कीचड़ भर गया है, जिससे मार्ग अत्यंत खतरनाक हो गया है। विद्यालय आने-जाने वाले विद्यार्थियों, राहगीरों तथा स्थानीय वार्डवासियों को रोजाना इस सड़क से गुजरना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में इसी मार्ग पर एक दुर्घटना भी हो चुकी है। सड़क दो गांवों कारंजा एवं परसोड़ी को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है तथा दो ग्राम पंचायतों की सीमा में आती है, लेकिन लंबे समय से इसकी मरम्मत या पुनर्निर्माण नहीं कराया गया है।एक स्थानीय निवासी ने बताया, ÷हर दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। बच्चों को स्कूल जाने में भारी दिक्कत हो रही है। हमने कई बार ग्राम पंचायत, सीएम हेल्पलाइन और क्षेत्रीय विधायक के समक्ष सड़क निर्माण की मांग रखी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।÷

ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत या निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया तो वार्डवासी विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे।

# नि :शुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

## सेंट आरसेटी बालाघाट में इलेक्ट्रिक मोटर एवं मोबाइल रिपेयरिंग ट्रेड में मिलेगा प्रशिक्षण, 4 जुलाई तक करें पंजीयन

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोडऩे के उद्देश्य से सेंट आरसेटी (ऋस्श्वञ्जढ्ढ), बालाघाट द्वारा निःशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

प्रशिक्षण के अंतर्गत इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग एंड रिपेयर सर्विसेज तथा सेल्यूलर फोन रिपेयर एंड सर्विस ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रत्येक ट्रेड में 25-25 सीटें निर्धारित हैं। सीमित सीटों को देखते हुए इच्छुक अभ्यर्थियों से शीघ्र पंजीयन कराने की अपील की गई है।

प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क एवं आवासीय होगा। प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क आवास, भोजन, चाय एवं नाश्ते की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रशिक्षण पूर्ण होने पर एनसीवीईटी (ह्रष्टङ्कश्वञ्ज) मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। साथ ही स्वरोजगार शुरू करने के इच्छुक युवाओं को बैंक ऋण (क्रेडिट लिंकिंग) से जोडऩे के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग भी उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा व्यावहारिक एवं तकनीकी तरीके से दिया जाएगा। पंजीयन के लिए अभ्यर्थियों को आधार कार्ड, राशन कार्ड अथवा जॉब कार्ड या स्वयं सहायता समूह की सदस्यता संबंधी दस्तावेज, बैंक पासबुक, शैक्षणिक अंकसूची की तीन-तीन छायाप्रतियां तथा तीन रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लाने होंगे।

इच्छुक अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे 4 जुलाई 2026 तक सेंट आरसेटी, वार्ड क्रमांक-33, गायखुरी, बालाघाट में उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराएं और इस रोजगारपरक प्रशिक्षण का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी 7693956333 पर संपर्क कर सकते हैं।

# लालबर्रा महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का तीन दिवसीय आयोजन संपन्न..




**जगप्रेरणा लालबर्रा।**

मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए आयोजित तीन दिवसीय दीक्षारंभ सह-प्रेरणा कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ।

कार्यक्रम के तीसरे दिन विद्यार्थियों के स्वागत, परिचय एवं मार्गदर्शन पर केंद्रित विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता मेश्राम के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रो. सुमन बरवा ने विद्यार्थियों को शिकायत निवारण तंत्र एवं परामर्श सेवाओं की जानकारी दी। राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे ने स्थानीय समाजसेवियों, पूर्व छात्रों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए उनका परिचय कराया। डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम ने शिकायत निवारण व्यवस्था एवं हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी साझा की। डॉ. देवराज चैरे ने विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन एवं परीक्षा प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही महाविद्यालय के पुस्तकालय, ई-लाइब्रेरी, प्रयोगशालाओं, रैम्प, जिम, छात्रावास सहित विभिन्न सुविधाओं का भ्रमण कराया गया तथा विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। श्री नरेश सौलखे ने करियर मार्गदर्शन पर उपयोगी जानकारी प्रदान की। वहीं डॉ. हृषिकेश पटेल ने विद्यार्थियों में संस्थान के प्रति अपनत्व, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों के विकास पर बल दिया। श्रीमती भूमेश्वरी ठाकरे ने विद्यार्थियों को उत्कृष्टता की भावना विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. कामाक्षा बिसेन ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. देवराज चैरे ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती संध्या भलावे, श्रीमती अनिभा शरणागत, डॉ. आशा कारे, डॉ. आरती विश्वकर्मा, श्री दीपक अहिरवार, श्री पीतम मुरते, श्री यादो राव राजुरकर, श्री व्यंकट नगपुरे, श्रीमती सरिता ऐडे, श्रीमती वंदना कुर्वे, श्री मिनेश पंचेश्वर, श्री प्रशिक हुमनेकर, श्री निशांत तलवरे सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

10 रविवार 05 जुलाई 2026
जग प्रेरणा
लालबर्रा, बैहर, परसवाड़ा
● कनकी ● खमरिया ● जाम ● कंजई ● उकवा ● मलाजखंड ● बिरसा ● लामटा ● चांगोटोला

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन ने पूरे किए 500 दिन, 19 जुलाई से पटना में 10 दिवसीय भूख हड़ताल का ऐलान..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***महाबोधि महाविहार के प्रबंधन से संबंधित बी.टी. एक्ट 1949 को निरस्त कर महाबोधि महाविहार का पूर्ण नियंत्रण बौद्ध समाज को सौंपने की मांग को लेकर चल रहा महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच चुका है। आंदोलन के 500 दिन पूरे***

होने के बाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में 19 जुलाई 2026 से पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास के समक्ष 10 दिवसीय भूख हड़ताल आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।

आंदोलन के महासचिव डॉ. आकाश लामा ने बताया कि आंदोलन के 505 दिन पूरे होने के अवसर पर देशभर में बौद्ध समाज द्वारा विभिन्न स्थानों पर सांकेतिक भूख हड़ताल और कार्यक्रम आयोजित किए गए। हालांकि कुछ क्षेत्रों में प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने के कारण कार्यक्रम प्रभावित हुए। इसके बाद आंदोलन को निर्णायक चरण में ले जाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से पटना में 10 दिवसीय भूख हड़ताल का फैसला लिया।

बोधगया में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में बिहार, झारखंड, पंजाब सहित कई राज्यों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में लगभग 21 समितियों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आंदोलन की आगामी रणनीति, जनजागरण अभियान और स्थायी समाधान की दिशा में आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बौद्ध समाज अब केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं होगा। महाबोधि महाविहार के प्रबंधन और धार्मिक अधिकारों के संबंध में स्थायी समाधान आवश्यक है, ताकि भविष्य में बार-बार आंदोलन की आवश्यकता न पड़े। महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन राष्ट्रीय समिति, बोधगया के उपाध्यक्ष एवं मुख्य सलाहकार पूज्य भदन्त धम्मशिखर जी ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 के तहत प्रत्येक नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार प्राप्त है, लेकिन महाबोधि महाविहार में इस अधिकार का पूर्ण पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से चलाया जा रहा है तथा विभिन्न समुदायों से भी इसे समर्थन मिल रहा है।

आंदोलनकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री, राज्यपाल तथा प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। साथ ही दिल्ली से आए प्रतिनिधियों के माध्यम से केंद्र सरकार तक भी मांग पहुंचाई गई है। उनका कहना है कि यह आंदोलन किसी समुदाय के विरोध में नहीं, बल्कि बौद्ध समाज के धार्मिक अधिकारों और महाबोधि महाविहार की स्वतंत्र पहचान एवं प्रबंधन से जुड़ी मांगों को लेकर संचालित किया जा रहा है।

बैठक के दौरान कुछ वक्ताओं ने महाबोधि महाविहार के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्वरूप तथा भगवान बुद्ध की स्वतंत्र धार्मिक पहचान से जुड़े वैचारिक प्रश्न भी उठाए। उनका कहना था कि इस विषय पर ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक दृष्टिकोण से गंभीर चर्चा की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय समिति ने देशभर के बौद्ध समाज, बोधिसत्व डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के अनुयायियों तथा आंदोलन के समर्थकों से 19 जुलाई 2026 से पटना में प्रस्तावित 10 दिवसीय भूख हड़ताल में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। समिति का कहना है कि अब महाबोधि महाविहार के संबंध में स्थायी समाधान समय की आवश्यकता बन चुका है और इसी उद्देश्य से आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

# 27 जुलाई को जिला स्तर पर सौंपा जाएगा ज्ञापन, गौ संरक्षण के समर्थन में तेज हुआ हस्ताक्षर अभियान..



**जगप्रेरणा परसवाड़ा।**

***'गो सम्मान आह्वान अभियान' के तहत देशी गौवंश की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर जिलेभर में जनजागरण और हस्ताक्षर अभियान को गति दी जा रही है। अभियान के कार्यकर्ताओं द्वारा गांव-गांव***

एवं तहसील स्तर पर गौसेवकों, किसानों, सामाजिक संगठनों और आम नागरिकों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत आगामी 27 जुलाई 2026 को जिला कलेक्टर के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, माननीय प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

अभियान के तहत देशभर में अधिक से अधिक लोगों के हस्ताक्षर एकत्रित कर लोकतांत्रिक एवं अहिंसक तरीके से गौवंश संरक्षण की मांग सरकार तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। ज्ञापन में पूरे देश में गौहत्या पर प्रभावी प्रतिबंध लगाने, गौवंश की सुरक्षा के लिए सशक्त कानून बनाने, गौसेवा के लिए केंद्रीय कानून एवं पृथक मंत्रालय की स्थापना, गोचर भूमि संरक्षण, चारा सुरक्षा नीति और गौ आधारित प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने जैसी मांगें प्रमुख रूप से शामिल रहेंगी।

अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक तहसील स्तर पर गौसेवकों की बैठकें आयोजित कर उन्हें अभियान की रूपरेखा से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही अधिक से अधिक गौभक्तों को हस्ताक्षर अभियान से जोड़ने के लिए जनसंपर्क भी किया जा रहा है।

इसी कड़ी में बीते दिनों परसवाड़ा के श्री राम मंदिर प्रांगण में बैठक आयोजित की गई। बैठक में वृंदावन से पधारे संत कमल किशोर उपाध्याय, जिन्हें मध्यप्रदेश गौ सम्मान अभियान का सहप्रभारी नियुक्त किया गया है, ने उपस्थित गौसेवकों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, कृषि और सनातन परंपरा की आधारशिला हैं। गौवंश के संरक्षण, पालन-पोषण और गौहत्या पर प्रभावी प्रतिबंध के लिए समाज को संगठित होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग शासन तक पहुंचानी होगी। उन्होंने सभी गौभक्तों से अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने तथा अधिक से अधिक लोगों को हस्ताक्षर अभियान से जोड़ने की अपील की।

उन्होंने कहा कि 27 जुलाई को सभी गौसेवक प्रातः 8 बजे से 9:15 बजे तक ÷श्री राम जय राम जय जय राम÷ विजय मंत्र का संकीर्तन करने के बाद प्रातः 10 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। अभियान का उद्देश्य देशी गौवंश की सेवा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने के लिए शासन स्तर पर प्रभावी पहल कराना है।

बैठक में परसवाड़ा क्षेत्र के बड़ी संख्या में गौसेवक एवं गौभक्त उपस्थित रहे। अभियान से जुड़े कार्यकर्ताओं ने सभी नागरिकों से इस जनजागरण अभियान में सहभागी बनकर गौसंरक्षण के लिए हस्ताक्षर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

# मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान एवं 'स्वैच्छिक पर्व' का उत्साहपूर्वक शुभारंभ





**संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।**

***4 जुलाई 2026। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर पूरे प्रदेश में उत्साह, उमंग एवं जनसहभागिता के साथ ÷स्वैच्छिक पर्व÷ का शुभारंभ किया गया।***

इसी क्रम में शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय, बैहर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला समन्वयक आदरणीय श्री महेश पटले जी एवं प्रो. बी. एल. चौहान जी की गरिमामयी उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। स्थापना दिवस के अवसर पर ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, मातृ सम्मान एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया गया। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित ÷स्वैच्छिक पर्व÷ का आयोजन 4 जुलाई से 12 अगस्त 2026 तक प्रदेशभर में किया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति अभियान तथा संस्कार केन्द्रों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस अवसर पर परिषद परिवार ने स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए ÷संगच्छध्वम् संवदध्वम्÷ की भावना के अनुरूप सेवा, सहयोग, सामाजिक समरसता एवं जनभागीदारी को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में नवांकुर संस्थाओं, प्रस्फुटन समितियों एवं सीएमसीएलडीपी (ष्टरूष्टरुष्ठक्क) के छात्र-छात्राओं एवं स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए वृक्षारोपण एवं जनजागरूकता गतिविधियों में सक्रिय योगदान दिया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नवांकुर संस्था के अध्यक्ष श्री राजीव गोपाल परते, श्री कुंदन मेरावी,राजेंद्र बिसेन परामर्शदाता श्री शिवनाथ यादव, श्री सुरेश यादव, सुश्री आकांक्षा मेरावी, सुश्री संगीता आर्मी, श्री भंवर सिंह टेकाम तथा सीएमसीएलडीपी के छात्र श्री संदीप गजभिये एवं श्री अभय यादव सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएँ एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियाँ, नवांकुर संस्थाएँ एवं सीएमसीएलडीपी नेटवर्क राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने तथा विभिन्न शासकीय अभियानों में जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

अंत में परिषद द्वारा सभी स्वयंसेवकों, छात्र-छात्राओं एवं नागरिकों से ÷स्वैच्छिक पर्व÷ के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में अधिक से अधिक सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नशामुक्ति एवं समाज सेवा के इस जनआंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

# मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***जिले में 6 माह से 5 वर्ष तक के गंभीर कुपोषित (स्रू), मध्यम कुपोषित (रूरू) एवं अति कम वजन (स्ड्ढ) बच्चों की समय पर पहचान और प्रभावी उपचार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री बाल***

आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम (रूरूक्क्स्य) के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का आयोजन कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ के मार्गदर्शन में किया गया।

प्रशिक्षण में राज्य स्तर से आए वरिष्ठ सलाहकार श्री तारकेश्वर मिश्रा ने रूरूक्क्स्य की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यह मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य कुपोषित बच्चों की समय पर पहचान कर सामुदायिक स्तर पर उनका प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करना है। उन्होंने बच्चों के शारीरिक मापन, एपेटाइट टेस्ट, चिकित्सकीय जटिलताओं की पहचान, सामुदायिक आधारित कुपोषण प्रबंधन (ष्ट-रूरू), रेफरल व्यवस्था, साप्ताहिक फॉलो-अप, सम्पर्क ऐप में पंजीयन तथा नियमित मॉनिटरिंग की प्रक्रियाओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री देवेन्द्र सुन्दरियाल ने जिले में कुपोषण की वर्तमान स्थिति एवं ÷कुपोषण मुक्त बालाघाट÷ की कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र पर बच्चों का गुणवत्तापूर्ण शारीरिक मापन, समय पर चिन्हांकन, नियमित फॉलो-अप तथा आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य संस्थाओं एवं पोषण पुनर्वास केंद्र (हृक्रष्ट) में रेफरल सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सम्पर्क ऐप के प्रभावी उपयोग, डेटा आधारित समीक्षा तथा परियोजना अधिकारियों एवं सुपरवाइजरों की जिम्मेदारियों की भी विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि कलेक्टर श्री मृणाल मीणा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफके निर्देशन में जिले में रूरूक्क्स्य का प्रभावी क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे प्रशिक्षण से प्राप्त तकनीकी जानकारी का उपयोग करते हुए प्रत्येक पात्र बच्चे तक योजना का लाभ पहुंचाएं तथा कुपोषण उन्मूलन के लिए मैदानी स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग एवं अनुश्रवण सुनिश्चित करें।

प्रशिक्षण में जिले के सभी परियोजना अधिकारी (ष्टष्ठक्कह्र), सुपरवाइजर एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने तकनीकी विषयों पर चर्चा करते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन और कुपोषण मुक्त बालाघाट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समन्वित एवं परिणामोन्मुखी कार्य करने का संकल्प लिया।

क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100/- प्रतिदिन..
दैनिक जगप्रेरणा में क्लासिफाईड विज्ञापन सिर्फ 100 /- प्रतिदिन में प्रकाशित किये जाते हैं। कृपया संपर्क करें..
मो. 9329033433

# लालबर्रा के पाथरी में 25 किसानों को वितरित किए गए सॉइल हेल्थ कार्ड..



## मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित उर्वरक उपयोग की दी गई सलाह

**जगप्रेरणा लालबर्रा।**

कृषि विभाग द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने एवं संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखंड लालबर्रा की ग्राम पंचायत पाथरी में शनिवार को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 25 किसानों को सॉइल हेल्थ कार्ड वितरित किए गए।

किसानों को कार्ड में अंकित मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर फसलों के लिए आवश्यक उर्वरकों का संतुलित एवं वैज्ञानिक तरीके से उपयोग करने की सलाह दी गई, जिससे उत्पादन लागत कम हो और फसल की गुणवत्ता एवं उत्पादकता में वृद्धि हो सके। इस अवसर पर इफ्को के प्रतिनिधि श्री वैदिक आगाले ने किसानों को नैनो उर्वरकों की उपयोगिता, उनके सही उपयोग तथा पारंपरिक उर्वरकों की तुलना में उनके लाभों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरकों के संतुलित उपयोग से फसलों की पोषण क्षमता बढ़ती है तथा पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलती है। उप संचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। सॉइल हेल्थ कार्ड योजना के माध्यम से किसानों को उनकी भूमि की उर्वरता के अनुसार उर्वरकों के उपयोग की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे खेती अधिक लाभकारी एवं टिकाऊ बन सके।

# वन स्टॉप सेंटर की पहल से टूटा परिवार फिर जुड़ा, काउंसलिंग से बदली जिंदगी..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री देवेन्द्र कुमार सुन्द्रियाल के मार्गदर्शन में सुश्री रचना चौधरी द्वारा संचालित वन स्टॉप सेंटर, बालाघाट एवं बैहर महिलाओं की सुरक्षा, घरेलू हिंसा की रोकथाम और पारिवारिक संबंधों के पुनर्स्थापन के लिए लगातार प्रभावी कार्य कर रहा है। हाल ही में केंद्र की काउंसलिंग और सतत फॉलो-अप से एक दंपति का बिखरता परिवार फिर से जुड़ गया। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक सुश्री रचना चौधरी ने बताया कि आठ वर्ष पूर्व विवाह बंधन में बंधे दंपति के बीच पति की शराब की लत के कारण लगातार विवाद और घरेलू हिंसा की स्थिति बन गई थी। परेशान होकर पत्नी ने 181 महिला हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद मामला वन स्टॉप सेंटर पहुंचा। केंद्र में दोनों की कई चरणों में काउंसलिंग की गई। परामर्श के दौरान पति को अपनी गलतियों का एहसास हुआ और उन्होंने पत्नी से माफी मांगते हुए शराब छोडने का संकल्प लिया। मनोवैज्ञानिक परामर्श और नियमित फॉलो-अप के बाद उन्होंने नशे की आदत छोड़ दी। अब दोनों पति-पत्नी आपसी विश्वास और सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर रहे हैं। पत्नी भी महिलाओं की सहायता के लिए काउंसलिंग सपोर्ट ग्रुप से जुड़ गई हैं। वन स्टॉप सेंटर का कहना है कि समय पर संवाद, संवेदनशील परामर्श और सकारात्मक सहयोग से टूटते रिश्तों को भी नई दिशा दी जा सकती है।



# विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433


## आमगांव तह. में जोरदार बारिश, पुजारीटोला डैम के खोले गए 04 गेट..



**जगप्रेरणा आमगांव।**
पिछले तीन दिनों से आमगाव तहसील सहित जिले मे भारी बारिश हो रही है और कालीसरार डैम का पानी पहले ही पुजारीटोला डैम में छोड़ा जा चुका है। इस वजह से पुजारीटोला डैम में 80 परसेंट पानी जमा हो गया है। ऊपर से बारिश जारी है। इसे देखते हुए आज, 4 जुलाई को दोपहर 1.00 बजे पुजारीटोला डैम का वॉटर लेवल बढ़ रहा है, इसलिए डैम के मेंटेनेंस/कंट्रोल के लिए, रिज़र्वॉयर सर्कुलेशन प्लान के मुताबिक डैम के चार गेट 0.3 मीटर तक खोल दिए गए हैं। इसमें से 86 क्यूसेक (3036 क्यूसेक) पानी 4/7/2026 को दोपहर 1.00 बजे रिवर बेसिन में छोड़ा गया है। हालांकि, नदी के किनारे बसे गांवों के साथ-साथ रिवर बेसिन से होकर आने-जाने वाले सभी लोगों को अपना ध्यान रखने की चेतावनी दी जा रही है। जिला प्रशासन ने अपील की है कि जलाशय में पानी के बहाव के आधार पर, जलाशय मैनेजमेंट प्लान के अनुसार पानी का डिस्चार्ज बढ़ाया या घटाया जा सकता है, इसलिए नदी के पास जाने से बचें। अगर किसी नागरिक को कोई समस्या हो, तो फोन नंबर 07182-230196, एवं मोबाईल नंबर 94049 91599 पर संपर्क कर जानकारी प्रदान करें। सभी एजेंसियों को सभी ज़रूरी सावधानी बरतनी चाहिए और सुरक्षा के लिए अपने लेवल पर सभी संबंधित लोगों को तुरंत सूचित करना चाहिए।

## आमगांव देवरी रोड स्थित श्री हरी विट्ठल कॉलोनी निवासियों की जान खतरे में..

### कमजोर सुरक्षा दीवार से हादसे की आशंका..

**जगप्रेरणा आमगांव।**
यहाँ देवरी रोड पर स्थित श्री हरी विठ्ठल कॉलोनी के निवासियों की सुरक्षा का मुद्दा बेहद गंभीर हो गया है, जिससे स्थानीय लोगों की जान खतरे में आ गई है। कॉलोनी से बिल्कुल सटी हुई श्री असाटी की जमीन है, जिसके चारों ओर बनाई गई साधारण सुरक्षा दीवार (बाउंड्री वॉल) लगातार हो रही बारिश के कारण जर्जर हो चुकी है और इसके कभी भी ढहने की आशंका बनी हुई है। पिछले कुछ दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण इस सुरक्षा दीवार को भारी नुकसान पहुँचा है। पानी के तेज बहाव की वजह से दीवार का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह ढह गया है और वहाँ की मिट्टी धंस गई है। इस टूटी हुई दीवार के रास्ते जमीन का सारा पानी और कीचड़ सीधे श्री हरी विठ्ठल कॉलोनी में घुस रहा है। इस बाढ़ जैसे पानी के कारण कॉलोनी की मुख्य सड़कों ने नदी का रूप ले लिया है और पूरे परिसर में जलजमाव हो गया है। लोगों के घरों के सामने और रास्तों पर घुटनों तक कीचड़युक्त पानी जमा हो गया है, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया है।

हालात इतने खराब हैं कि नागरिकों का घरों से बाहर निकलना भी दूभर हो गया है। वर्तमान में यह सुरक्षा दीवार कई जगहों पर अत्यंत कमजोर हो चुकी है और कभी भी गिर सकती है। कुछ जगहों पर दीवार के सीमेंट के खंभे और कंक्रीट की पट्टियां पहले ही गिर चुकी हैं। कॉलोनी के छोटे बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग इसी रास्ते से आते-जाते हैं। ऐसे में यदि यह दीवार अचानक ढह जाती है, तो बड़ी जनहानि या गंभीर दुर्घटना होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

इस गंभीर स्थिति के कारण यदि कोई बड़ा हादसा होता है या किसी की जान जाती है, तो उसका जिम्मेदार कौन होगा? संबंधित जमीन मालिक या प्रशासन? यह तीखा सवाल कॉलोनी के श्री हरिश्चंद्र टेंभरे (वरिष्ठ नागरिक), श्री प्रल्हादजी कावळे और श्री लखन चौधरी सहित सभी स्थानीय निवासियों ने उठाया है। कालोनी के नागरिकों की मांग है कि प्रशासन और संबंधित जमीन मालिक इस गंभीर समस्या पर तुरंत ध्यान दें, दीवार की अस्थायी मरम्मत करवाएं और कॉलोनी से पानी की निकासी कर लोगों को राहत प्रदान करें।

## देवरी में पुलिस ने 140.5 कि.ग्रा. बीफ किया ज़ब्त, दो गिरफ्तार..



### नए पुलिस इंस्पेक्टर के गाइडेंस में पहली बड़ी कार्रवाई.. रुपये 37,700 की सामग्री ज़ब्त.. महाराष्ट्र एनिमल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत केस दर्ज..

**सुरेश गवते, देवरी।**
लोकल क्राईम ब्रांच, गोंदिया की टीमों ने शनिवार (4 जुलाई) सुबह देवरी शहर के वार्ड नंबर 7 में कथित तौर पर गैर-कानूनी बीफ स्लॉटर और मीट बेचने की जगह पर एक बड़ी कार्रवाई की। इस कार्रवाई में 140.5 किलोग्राम संदिग्ध बीफ, स्लॉटर में इस्तेमाल होने वाला सामान और रुपये 37,700 की सामग्री ज़ब्त की गई और दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए दो भाइयों में से एक का नाम नज़ीर इस्माइल कुरैशी, उम्र 54, और कादिर इस्माइल कुरैशी, उम्र 52 है - दोनों वार्ड नंबर 07 देवरी में रहते हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, शनिवार (4 जुलाई) को सुबह करीब 5.30 बजे लोकल क्राइम ब्रांच को कॉन्फिडेंशियल जानकारी मिली कि देवरी के वार्ड नंबर 7 में गैर-कानूनी गोहत्या चल रही है। इसके बाद, हाल ही में लोकल क्राईम ब्रांच गोंदिया पुलिस में शामिल हुए इंस्पेक्टर रेवचंद सिंघनजुड़े की गाइडेंस में एलसीबी की एक टीम ने तुरंत मौके पर रेड मारी। इस ऑपरेशन के दौरान, शक था कि दो मवेशियों को काटा गया है और मौके से 140.5 किलोग्राम संदिग्ध बीफऔर गोहत्या में इस्तेमाल होने वाले इक्विपमेंट जब्त किए गए। इस मामले में, मौके पर मौजूद दो भाइयों को गिरफ्तार किया गया। यह कार्रवाई महाराष्ट्र एनिमल प्रोटेक्शन एक्ट, 1976 और 2015 के बदले हुए प्रोविजन्स के तहत केस दर्ज करके की गई। इस चौंकाने वाली कार्रवाई से गैर-कानूनी गोहत्या करने वालों और मीट बेचने वालों में हड़कंप मच गया है।

## देवरी के मुख्य मार्ग पर छात्रों की सुरक्षा खतरे में..

### यातायात नियंत्रण की मांग करते हुए 'मित्र परिवार' ने पुलिस निरीक्षक को सौंपा ज्ञापन..

### स्कूल-कॉलेजों के सामने वाहनों की रफ्तार तेज; बड़ा हादसा होने की आशंका से अभिभावक भयभीत..



**जगप्रेरणा देवरी।**
***देवरी-चिचगढ़ और देवरी-आमगांव मुख्य मार्ग पर दिन-ब-दिन बढ़ती ट्रैफिक जाम की समस्या और वाहनों की तेज रफ्तार के कारण स्कूल और कॉलेजों के हजारों छात्रों की सुरक्षा बेहद खतरे में आ गई है। इस गंभीर समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए देवरी*** के 'मित्र परिवार' संगठन की ओर से नए नियुक्त हुए देवरी के थानेदार वणारे को एक ज्ञापन सौंपकर तुरंत यातायात नियंत्रण (ट्रैफिक कंट्रोल) व्यवस्था लागू करने की मांग की गई है। देवरी-चिचगढ़ और देवरी-आमगांव, दोनों ही मार्ग बेहद व्यस्त माने जाते हैं। इन मुख्य मार्गों के किनारे ही छत्रपति हाई स्कूल, मनोहरभाई पटेल विद्यालय, ब्लॉसम पब्लिक स्कूल, पी.एम. श्री जिला परिषद हाई स्कूल जैसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के हजारों छात्र रोजाना इसी रास्ते से आते-जाते हैं। लेकिन, पिछले कुछ महीनों से इन मार्गों पर दौड़ने वाले भारी और हल्के वाहनों की गति अनियंत्रित हो गई है, जिससे छात्रों को सड़क पार करते समय अपनी जान हथेली पर रखनी पड़ रही है। मित्र परिवार ने कहा कि स्कूल शुरू होने और छुट्टी होने के समय इस मार्ग पर वाहन बेहद तेज गति से दौड़ते हैं।

कई बार छोटे बच्चे सड़क पार करते समय असमंजस में पड़ जाते हैं। यदि यहां तुरंत ट्रैफिक पुलिस की तैनाती नहीं की गई, तो किसी बड़े हादसे की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### छात्रों को लाने-ले जाने वाले वाहनों की जांच करने की मांग..

मित्र परिवार ने मांग की है कि स्कूल आने वाले कई छात्र स्कूल बस, ऑटो-रिक्शा या अन्य निजी वाहनों का उपयोग करते हैं। इन वाहनों में छात्रों की क्षमता को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा नियमों का पालन किया जा रहा है या नहीं, इसकी जांच होना बेहद जरूरी है। ज्ञापन के माध्यम से मित्र परिवार ने मांग की है कि स्कूल आने-जाने वाली सभी स्कूल बसों और ऑटो-रिक्शा की समय-समय पर जांच की जाए। वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट, वैध बीमा (इंश्योरेंस), लाइसेंस और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र जांचा जाए। छात्रों को लाने-ले जाने वाले चालकों के पास वैध व्यावसायिक ड्राइविंग लाइसेंस (कमर्शियल लाइसेंस) होना अनिवार्य किया जाए। वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक छात्रों को न बैठाया जाए। बसों में आपातकाल की स्थिति में बाहर निकलने के लिए 'इमरजेंसी एग्जिट' की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सुरक्षा के लिए तत्काल उपायों की आवश्यकता के प्रबंध किये जाएं। नागरिकों और अभिभावकों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, स्कूल शुरू होने और बंद होने के समय इस क्षेत्र में भारी ट्रैफिक जाम लग जाता है। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस तुरंत निम्नलिखित कदम उठाए, ऐसी मांग ज्ञापन में की गई है। स्कूल के समय मुख्य चौराहों और स्कूलों के सामने यातायात पुलिस या पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाए। क्षेत्र में वाहनों की गति को नियंत्रित करने के लिए स्कूल ज़ोन और गति सीमा दर्शाने वाले स्पष्ट बोर्ड लगाए जाएं। छात्रों को सड़क पार करने के लिए उचित स्थानों पर 'जेब्रा क्रॉसिंग' बनाई जाए और वाहनों की गति कम करने के लिए आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर (गतिरोधक) बनाने हेतु संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित किया जाए। देवरी के जागरूक नागरिकों और 'मित्र परिवार' द्वारा व्यक्त की गई यह चिंता पूरी तरह से जायज है। अभिभावकों द्वारा यह तीव्र भावना व्यक्त की जा रही है कि पुलिस प्रशासन इस ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए तुरंत जमीनी कार्रवाई करे, ताकि मासूम छात्रों के प्राण सुरक्षित रह सकें। ज्ञापन सौंपते समय मित्र परिवार के सदस्य विलास शिंदे, युगेश बिसेन, संदीप मोहबिया, तरुण पटेल, शुभम गायधने, अमित तरजुले, क्रिश मोदी, कमलेश पालीवाल और सिद्धांत शाहू उपस्थित थे।


नया सोचो आयुर्वेद सोचो...
सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा
मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र
• कमर का दर्द • घुटनों का दर्द
• पिठ का दर्द • गर्दन व कंधों का दर्द
• आमवात, गठीया वात एवं सायटिका
• अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
• शास्त्रशुध्द एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
• रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा
डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356
साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

गोंदिया में.. दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार एवं विज्ञापनों के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
आशीष वर्मा (प्र.सं.)
09329033433
संजीव बापट (शहर प्रतिनिधि)
09922607145
कार्यालय - सांई रोजगार, एनएमडी कॉलेज के पास, गोंदिया


## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### तुने आने जाने की जगह पर तुवर क्यों लगाया बोलकर की मारपीट..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 1/7/2026 के सुबह 8 बजे के दरम्यान बकी ग्राम मे फर्यादी विवेक कुमार संपत मारवाडे उम्र 40 वर्ष निवासी बकी का खेत होकर वहा आरोपी ने धुरे पर तुवर लगाया फर्यादी ने कहा ये मेरा आने जाने का रोड है यहा तुवर क्यो लगाया इस बात पर आरोपी ने कहा ये जगह मेरी है मै कुछ भी करू बोलकर गालीगलौच की और लकडी से हाथ पर मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 326/2023 धारा 118,2,352,351,2,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा कोटांगलेब 1394 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### पुराने विवाद पर आरोपीयों ने बाप बेटे से की मारपीट, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/7/2026 दोपहर 4 बजे के दरम्यान ग्राम भजेपार मे आरोपीयोने पुराने विवाद पर फर्यादी और उसके बेटे को लाथ घुसो से मारपीट की 1 आरोपी ने हाथ मे पहने कडे से हाथ पर मारकर जख्मी किया और जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे आमगाव मे अपराध क्रमांक 464/2026 धारा 118,1,115,2,351, 3, 352, 3, 5, बि एन एस 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा चौधरी 1606 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### मरारटोली बस स्टॉप पर बैठे युवक से मारपीट कर मोबाईल और नगदी छिने, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के रामनगर पुलिस थाना अंतर्गत मोबाईल पैसे छिनकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/7/2026 के 1 बजे के दरम्यान मरारटोली बस स्टॉप के सामने फर्यादी कार्तिक तिलक पंचेश्वर उम्र 25 वर्ष निवासी वारासिवनी घटना के कुछ समय पहले अपने मित्र को छोड़ने गोंदिया रेल्वे स्टेशन अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम पी 50 झेड ए 4523 से गोंदिया आया मित्र की ट्रेन रदद होने से वह वापस जाते समय मरारटोली बस स्टॉप के पास रुके थे। जहा 3 अज्ञात आरोपीयो ने आकर मारपीट की और उनके पास से रियल मी मोबाईल किमत 7 हजार रुपये, पोको कंपनी का मोबाईल किमत 4 हजार रुपये, और नगदी 800 रुपये कुल 11,800 रुपये मारपीट कर छिनकर ले जाने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे रामनगर में अपराध क्रमांक 409/2026 धारा 309,6,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच सपोनी दिपक ठाकरे पोस्टे रामनगर कर रहे है।

### मोटर सायकल से जा रहे पति पत्नी से की मारपीट, मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।** गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/7/2026 के शाम 4 बजे के दरम्यान फर्यादी नरेन्द्र संपत रहांगडाले उम्र 42 वर्ष निवासी घोटी अपने पत्नी के साथ मोटर सायकल से गोरेगाव आ रहे थे। आते समय रास्ते मे आरोपी ज्ञानेश्वर सुरेश राऊत ने गाडी के सामने आकर गाडी रुकवाया और पत्थर से फर्यादी के सरपर मारकर जख्मी किया पत्नी बिचबचाव करने आयी तो उसे भी मारपीट करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 443/2026 धारा 118,1,115,2 भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा फ्तेलाल मडावी 1555 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।


TYRE WORLD
(अपोलो टायर्स के अधिकृत विक्रेता)
★ टायर ★ अलाईनमेन्ट
★ बैलेंसिंग ★ नाइट्रोजन
हिंदुस्थान ऑटोमोबाईल के पास, रामनगर, गोंदिया
79991 54494, 98233 95921

SONO VIEW
SONOGRAPHY / X-RAY / CT SCAN
DR. GHANSHYAM M. TURKAR
M.B.B.S., M.D., D.N.B., M.N.A.M.S.
Diplomate of National Board
Radiologist, Sonologist & Imagiologist
DR. PADMINI TURKAR
M.B.B.S., D.C.H.
बालरोग एवं नवजात शिशु विशेषज्ञ
FACILITIES AVAILABLE
SONOGRAPHY
■ Color Doppler ■ Power Doppler Imaging
■ B-flow Imaging ■ Tissue Harmonic Imaging
■ Transrectric & TV Sonography
■ Pediatric Sonography ■ Orbital Sonography
■ Breast, Thyroid, Scrotal Sonography
■ Neonatologist Neurosonogram
■ 2 D Echo Cardiography ■ Foetal Echo
■ Whole Body Ct Scan ■ Digital X-ray Digital Radiography System ■ M.R.I.
DIGITAL X-RAY
● 2D, 3D/4D High Resolution Sonography
● 2D Echo
● Colour Doppler
● Siemens Germany Multislice/Spiral High Resolution CT Scan
राष्ट्रीय क्षयरोग दुरीकरण कार्यक्रम अंतर्गत मुफ्त सोनोग्राफी, एक्स रे, सी.टी. स्कैन
तुरकर क्लिनिक SONOGRAPHY, X-RAY, C.T. SCAN
सिव्हिल लाईन, गोंदिया
फोन - 07182-231149, 234198, 236391
E-mail : sonoview@gmail.com SONOGRAPHY | C.T. SCAN

अंकुर टेस्ट ट्युब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण
उपलब्ध सुविधाएं..
■ टेस्ट ट्युब बेबी (IVF ET) ■ इक्सी टेस्ट ट्युब बेबी (ICSI) ■ (IUI) आय.यू.आय. ■ अधिक उम्र में मातृत्व ■ ओव्हम डोनेशन द्वारा ■ बंद फॉलोपियन ट्युब खोलना
■ पुरुष बंधत्व निदान व उपचार ■ शुक्राणु बैंक सुविधा ■ सोनोग्राफी ■ हार्मोस की जांच ■ हार्मोस की गड़बड़ी की ईलाज ■ दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
डॉ. संजीव चिटणवीस अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. सौ. प्रणिता चिटणवीस प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ
एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

# विकसित भारत-जी राम जी' योजना से ग्रामीण विकास और रोजगार को मिलेगी नई गति- विधायक विनोद अग्रवाल

## ग्राम सावरी में हुआ वीबी-जी रामजी योजना का शुभारंभ








जगप्रेरणा गोंदिया।

*केंद्र सरकार द्वारा ग्रामीण भारत के समग्र विकास और रोजगार सृजन को नई दिशा देने के उद्देश्य से 'विकसित भारत जी राम जी योजना कानून वर्ष 2025 में लागू किया गया। यह योजना 1 जुलाई 2026 से संपूर्ण देश में लागू की गई है। जिसके तहत गोंदिया जिले में गोंदिया तहसील के सावरी ग्राम से इसकी शुरुआत होने*

जा रही है। इसके माध्यम से ग्रामीण परिवारों को पहले की तुलना में अधिक रोजगार, कृषि आधारित विकास, कौशल प्रशिक्षण तथा ग्राम पंचायतों को विकास कार्यों के लिए अधिक अवसर उपलब्ध कराना हमारा प्रयास है। उक्त आशय क्षेत्र के विधायक विनोद अग्रवाल ने व्यक्त किए। विधायक विनोद अग्रवाल जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा ग्राम सावरी में आयोजित विकसित भारत जी राम जी योजना के शुभारंभ अवसर पर बतौर उद्घाटक के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर जिला परिषद के अध्यक्ष लायकराम भेंडारकर, कार्यक्रम के अध्यक्ष जिलाधिकारी मंदार पत्की, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेनित चन्द्रा दोंतुला, पंस सभापति मुनेश रहांगडाले, उपजिलाधिकारी भैय्या साहब बेहरे, जीप सदस्य दीपा चन्द्रिकापुरे, पूजा अखिलेश सेठ, नंदा वाढ़िवा, एसडीओ चन्द्रभान खंडाईत, उपमुख्य कार्यकारी अधिकारी जिप विजय लोंढे, बीडीओ जितेंद्र देवरे, तहसीलदार शमशेर पठान, पंस सदस्य शैलजा सोनवाने प्रमुखता से उपस्थित रहे।

इस योजना में नजर डालते हुए विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, नई व्यवस्था के तहत प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को वर्ष में 125 दिनों के रोजगार की वैधानिक गारंटी मिलेगी। मजदूरी का भुगतान 8 दिनों में सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। समय पर काम उपलब्ध नहीं होने पर बेरोजगारी भत्ता तथा मजदूरी भुगतान में देरी होने पर क्षतिपूर्ति का भी प्रावधान रखा गया है।

उन्होंने कहा, योजना के अंतर्गत गांवों में जल संरक्षण, तालाब निर्माण, खेत सड़क, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, वृक्षारोपण, चारागाह विकास, ग्रामीण संपर्क मार्ग, वर्षा जल संरक्षण, सार्वजनिक परिसंपत्तियों का निर्माण, स्कूल, आंगनबाड़ी, ग्राम पंचायत भवन, वाचनालय तथा अन्य आधारभूत विकास कार्य किए जा सकेंगे। इसके साथ ही ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार एवं सूक्ष्म उद्यमों से जोड़ने पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। इस योजना के माध्यम से खेत तालाब, मेड़बंदी, सिंचाई संरचनाएं, जल संरक्षण, भूमि सुधार तथा कृषि उत्पादकता बढ़ाने वाले कार्यों को प्राथमिकता मिलेगी। इससे खेती की लागत कम होगी, सिंचाई क्षमता बढ़ेगी और किसानों की आय में वृद्धि होने की उम्मीद है।

ग्रामीण श्रमिकों को वर्ष में 125 दिनों तक रोजगार मिलने के साथ कौशल विकास एवं आजीविका आधारित गतिविधियों से जोड़ा जाएगा, जिससे केवल मजदूरी ही नहीं बल्कि स्थायी आय के अवसर भी विकसित होंगे। ग्राम पंचायतों को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार विकास कार्यों की योजना बनाने और क्रियान्वयन का अधिक अवसर मिलेगा। गांवों में टिकाऊ परिसंपत्तियों का निर्माण होगा, जिससे आधारभूत सुविधाओं के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

विधायक श्री अग्रवाल ने कहा, यह योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि, आजीविका, कौशल विकास और आधारभूत संरचना को एकीकृत कर 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। विधायक विनोद अग्रवाल ने प्रशासन का ध्यान केंद्रित करते हुए कहा कि, योजना में काम करते वक्त रेशो मेंटनेंस पर विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। वर्तमान में गलत नीतियों के तहत कार्य करने के चलते अनेकों के भुगतान लटके हुए है। जिसे लेकर हमनें राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फ़्डणवीस से भेंट कर मामला संज्ञान में लाया है। जल्द ही राज्य सरकार केंद्र से पत्र व्यवहार कर इसका समाधान करेगी हमें उम्मीद है। नई योजना में 60 प्रतिशत केंद्र की एवं 40 प्रतिशत राज्य सरकार की भागीदारी है। ऐसे में अधिकारियों को निर्देश दिया जाए कि रेशो मेंटनेंस के तहत कार्य करे ताकि आने वाले समय में किसी भी तरह की भुगतान सम्बंधी समस्या निर्माण हो।

# 12 वर्षों बाद फिर से सामान्य रूप से पेशाब करने में सफल हुआ मरीज..

## सहयोग हॉस्पिटल, गोंदिया में जटिल यूरोलॉजिकल सर्जरी से मरीज को मिला नया जीवन



जगप्रेरणा गोंदिया।

*सहयोग हॉस्पिटल, गोंदिया के यूरोलॉजी विभाग ने एक अत्यंत जटिल एवं चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर 64 वर्षीय मरीज को 12 वर्षों बाद दोबारा प्राकृतिक रूप से मूत्र त्याग (पेशाब) करने की क्षमता प्रदान की। यह सर्जरी वरिष्ठ यूरोलॉजिस्ट डॉ. मयूर चौरे के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें एनेस्थीसिया विशेषज्ञ मेजर डॉ. शीतल धर्मखेले, डॉ. आशीष नासरे तथा डॉ. मितेश राठी का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।*

लगभग 12 वर्ष पूर्व मरीज को फोरनियर्स गैंग्रीन नामक गंभीर संक्रमण हो गया था। उस समय संक्रमण से उसकी जान तो बच गई, लेकिन संक्रमण के कारण मूत्रमार्ग (यूरेथ्रा) का बड़ा हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो गया।

इसके बाद मरीज को लगातार सुप्राप्यूबिक कैथेटर के सहारे जीवन व्यतीत करना पड़ रहा था। इस दौरान उसने कई बड़े चिकित्सा संस्थानों में उपचार कराया, लेकिन अधिकांश स्थानों पर उसे बताया गया कि पुनर्निर्माण संभव नहीं है और जीवनभर कैथेटर के सहारे ही रहना पड़ेगा। लगातार 12 वर्षों तक कैथेटर के साथ रहने के कारण मरीज को बार-बार संक्रमण, असुविधा, दैनिक कार्यों में कठिनाई तथा मानसिक तनाव का सामना करना पड़ा। अंततः जब वह सहयोग हॉस्पिटल, गोंदिया पहुँचा, तब विस्तृत जांच में पता चला कि केवल आगे का मूत्रमार्ग ही नहीं, बल्कि शेष बचा मूत्रमार्ग भी अत्यधिक क्षतिग्रस्त एवं संकुचित हो चुका था। ऐसे में पारंपरिक सर्जिकल तकनीकों से उपचार संभव नहीं था।

इस चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में डॉ. मयूर चौरे ने पारंपरिक ब्लैंडी पेरिनियल यूरेथ्रोस्टॉमी तकनीक में अभिनव संशोधन करते हुए मरीज की शारीरिक संरचना के अनुरूप एक नई पुनर्निर्माण विधि विकसित की। इस विशेष तकनीक के माध्यम से नया मूत्रमार्ग तैयार कर उसे शेष स्वस्थ मूत्रमार्ग से सफलतापूर्वक जोड़ा गया। यह नवाचार सामान्य चिकित्सा पुस्तकों में वर्णित प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है, बल्कि मरीज की जटिल स्थिति को ध्यान में रखते हुए ऑपरेशन के दौरान विकसित किया गया समाधान था। सर्जरी पूरी तरह सफल रही और सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही कि मरीज 12 वर्षों बाद पहली बार कैथेटर से पूरी तरह मुक्त होकर प्राकृतिक रूप से मूत्र त्याग करने में सक्षम हुआ।

एक वर्ष से अधिक के फॉलो-अप में मरीज पूरी तरह स्वस्थ है, सामान्य रूप से पेशाब कर रहा है, अपनी दैनिक गतिविधियाँ सहजता से कर रहा है तथा अपने कार्य पर भी वापस लौट चुका है। उसके जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आया है।

इस अवसर पर डॉ. मयूर चौरे ने बताया कि जटिल पुनर्निर्माण **(Reconstructive Urology)** के मामलों में केवल पारंपरिक तकनीकों पर निर्भर रहने के बजाय प्रत्येक मरीज की स्थिति के अनुसार वैज्ञानिक नवाचार और सूक्ष्म योजना बनाना आवश्यक होता है। सही मरीज का चयन, अनुभवी टीम और आधुनिक तकनीकों के समन्वय से असंभव प्रतीत होने वाले परिणाम भी संभव बनाए जा सकते हैं।

सहयोग हॉस्पिटल, गोंदिया में 24×7 अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता, आधुनिक ऑपरेशन थिएटर, अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ तथा उच्च प्रशिक्षित एवं अनुभवी नर्सिंग स्टाफके माध्यम से मरीजों को गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित उपचार प्रदान किया जा रहा है। अस्पताल जटिल एवं उच्चस्तरीय सर्जरी के क्षेत्र में लगातार नई सफलताएँ हासिल कर क्षेत्र के मरीजों को महानगरों जैसी उन्नत चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध करा रहा है।

# लायंस क्लब गोंदिया सिविल ने किया डॉक्टर्स एवं सीए डे पर 27 विद्वान डॉक्टर्स एवं सीए का सत्कार..

## मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ घोरपडे रहे प्रमुख रूप से उपस्थित..







जगप्रेरणा गोंदिया।

*शहर के मशहूर क्लब लायंस क्लब गोंदिया सिविल के द्वारा स्थानीय केटीएस हॉस्पिटल के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब की अध्यक्षा श्रीमती भावना कदम ने की। प्रमुख अतिथि के रूप में डिन डॉ घोरपड़े , प्राध्यापक डॉ पांवड़े, डॉ रुखमोडे, सहायक प्राध्यापक*

डॉ मनु शर्मा, वैद्यकीय अधीक्षक डॉ मरसकोल्हे, जिला शल्य चिकित्सक डॉ. तृप्ति कटरे, वैद्यकीय अधीक्षक डॉ. पोयम मैडम, प्राध्यापक डॉ. एल बजाज, रीज़न चेयरपर्सन सुजाता बहेकार, जोन चेयरपर्सन ला. पवन कटरे, सचिव केशव ठाकरे, कोषाध्यक्ष सौ मंजूषा फुंडे, वरिष्ठ लायंन हर्षद मेहता के साथ डॉ. खुशबू साकुरे, डॉ. प्रशांत बागड़े, डॉ. उपनगलवार, डॉ. आरती आनंद, डॉ. सोनाली खोबरागडे, डॉ. लीना धाडे, डॉ. कविता धाबर्डे, डॉ. शुभांगी खामनकर, डॉ. गरिमा अरोरा, डॉ. संतोष बालगोटे, डॉ. तृप्ति आंबिलकर, डॉ. स्नेहा शर्मा, डॉ. माधवी येटरे, डॉ. शरद गुप्ता, डॉ. दुवारे और सीए इरफान काजी, किसान मित्र दीपक कदम इनका सत्कार किया गया। प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. घोरपड़े ने कहा कि हम सेवा भाव से अपनी सेवा देते हैं और साथ में नए बच्चों को वैद्यकीय शिक्षा देकर भविष्य की पीढ़ी का निर्माण भी करते हैं, हमारे इस कार्य की सराहना लायंस क्लब ने की इसके लिए उन्होंने क्लब के पदाधिकारियों का आभार माना।

इस अवसर पर डॉ. पांवड़े, डॉ. रुखमोडे, डॉ. बजाज, डॉ. तृप्ति कटरे ने भी अपने विचार रखे। सरकारी अस्पताल में उच्चस्तरीय इलाज देकर गरजमंद लाभार्थी को सेवा देना यह सच्ची मानवसेवा है, ऐसा अध्यक्ष सौ भावना कदम ने कहा। 27 डॉक्टर्स को पुष्प गुच्छ, शॉल और भेंटवस्तु देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा लायंस क्लब गोंदिया सिविल के डॉ. धूवारे, सी ए इरफान काजी और किसान मित्र दीपक कदम का भी सत्कार किया गया। गौरतलब है कि कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरपर्सन ला. गजेन्द्र फुंडे ने गोंदिया मेडिकल कॉलेज का आभार मानकर कहा कि हमारे क्लब की जहां भी जरूरत पड़ेगी हम तैयार हैं।

कोषाध्यक्ष सौ मंजूषा फूंडे, सचिव केशव ठाकरे, हर्षद मेहता, शरद क्षत्रिय, मोती अरोरा, सुरेश बहेकर, प्रशांत बोरकुटे, श्रीकांत बुद्धलवार, सुनील गढ़पाल्लीवर, शैलेन्द्र मिश्रा, कोमल कटारे , किशोर पटले, सीए मोहम्मद इरफान काजी, गणेश बिसेन, सौ प्रज्ञा मेहता, सौ पूनम अरोरा, सौ चेतना कटरे, सौ उषा येटरे सहित मान्यवर सदस्य ने सहकार्य किया। लायंस क्लब परिवार में डॉक्टर्स डे का सर्वोत्तम कार्यक्रम रीज़न में हुआ ऐसी चर्चा हो रही है। कार्यक्रम उत्कृष्ट संचालन चार्टर प्रेसिडेंट दीपक कदम ने किया और आभार सचिव केशव ठाकरे ने माना।

# नवागत जिलाधिकारी मंदार पत्की का गोंदिया जिला व्यापारी फेडरेशन ने किया स्नेहिल स्वागत

## गोंदिया जिले के आवश्यक विकास को आगे बढ़ाने के संदर्भ में हुई चर्चाएं..







जगप्रेरणा गोंदिया।

*गोंदिया जिले के जिलाधिकारी मंदार पत्की ने गोंदिया जिलाधिकारी के रुप में अपना पद ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर गोंदिया जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर गोंदिया जिला व्यापारी फेडरेशन के अध्यक्ष किरण कुमार मुंदड़ा के प्रतिनिधित्व में*

फेडरेशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी श्री मंदार पत्की का पुष्पगुच्छ से अभिनंदन किया, एवं उन्हें बेहतर कार्यकाल की शुभकामनाएं भी दी। जिलाधिकारी श्री पत्की से महासचिव अपूर्व अग्रवाल ने गोंदिया से विमान सेवा को शीघ्र शुरू किए जाने के फेडरेशन एवं फाम के प्रयासों की जानकारी देते हुए उनसे इस दिशा में योग्य कार्यवाही करने का निवेदन किया, जिस पर श्री पत्की ने सकारात्मक सहयोग का आश्वासन दिया, वहीं शहर के पश्चिमी बायपास, सौंदड़ रेलवे पुलिया के शेष कार्य को शीघ्र पूरा करवाने का अनुरोध के साथ ही शहर में बढ़ रही नशा वृत्ति, अतिक्रमण, हाईवे पर हो रहे एक्सीडेंट आदि विषयों पर चर्चा की तथा जिलाधिकारी महोदय को अनेक जानकारीयां भी दी। श्री पत्की को फाम द्वारा प्रकाशित स्मरणिका भेंट की गई। गोंदिया जिला व्यापारी फेडरेशन के अध्यक्ष श्री किरण कुमार मूंदड़ा के नेतृत्व में महासचिव अपूर्व अग्रवाल, मार्गदर्शक दिनेश जयपुरिया, सचिव राजकुमार तिवारी, कमल पुरोहित, श्याम अग्रवाल, जगप्रेरणा के प्रधान संपादक एवं जिला व्यापारी फेडरेशन के सहसचिव आशीष वर्मा, अजय दुबे, रमेश तेजवानी, सुजीत सिंघानिया भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

• दरियां • मेटिंग्स • कार्पेट्स • डोरमेट्स
• शॉल • ब्लैंकेट्स • स्कूल की भोजन पट्टियां
• ताड़पत्री • मच्छरदानी • ग्रीन नेट
• चादरें • बेड शीट्स
के थोक व चिल्लर विक्रेता...
रमन कुमार मेठी
हैंडलुम हाउस
दरियां | मीटिंग्स | कार्पेट्स | डोरमेट्स | शॉल | स्कूल की भोजन पट्टियां | ताड़पत्री | मच्छरदानी | ग्रीन नेट | चादरें / बेड शीट्स
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | मो. 9890696200

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..
वैचारिक क्रांति का रचनात्मक उद्घोष
जग प्रेरणा
चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com